विश्वकर्मा फर्नीचर
मो. 98261-32636,90987-54366,98274-96911

# तरुण छत्तीसगढ़

सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026
वर्ष 36 अंक 82 | कोरबा, सोमवार , दिनांक 23 दिसम्बर 2024 डाक 24 दिसम्बर 2024 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए

**विविधा**
घर की चिमनी से भिड़ा विमान, फिर दुकान पर जा गिरा, अब तक 10 यात्रियों की मौत



**देश-विदेश**
दिल्ली देहात विकास मंच के किसान नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर दिल्ली बचाओ बैनर तले विरोध प्रदर्शन करते हुए



**फीचर पेज**
महिलाएं भूलकर भी न करें ये गलतियां, नहीं तो मां बनने के सुख से रह जाएंगी वंचित



## सांसदों की धक्कामुक्की: प्रताप सारंगी-मुकेश राजपूत को अस्पताल से मिली छुट्टी, संसद भवन परिसर में हुए थे घायल

**नईदिल्ली, 23 दिसम्बर [एजेंसी]।**

बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बयान को लेकर कांग्रेस ने बीते दिन गुरुवार को संसद भवन परिसर में मार्च निकाला था। जवाब में भाजपा ने कांग्रेस पर झूठ की राजनीति का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन किया। इस दौरान संसद भवन के मकर द्वार पर दोनों दलों के सांसद आमने-सामने आ गए। दोनों के बीच धक्का-मुक्की की भी नौबत आई। संसद भवन परिसर में हुई सांसदों की धक्कामुक्की में घायल भाजपा सांसद प्रताप सारंगी और मुकेश राजपूत को अस्पताल से छुट्टी मिल गई है। दरअसल, 19 दिसंबर को बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर के मुद्दे पर कांग्रेस और भाजपा दोनों ने संसद भवन परिसर में प्रदर्शन कर रहे थे।



इस दौरान दोनों दलों के सांसदों के बीच मकर द्वार पर धक्कामुक्की हो गई। भाजपा सांसद प्रताप सारंगी के सिर में चोट देखी गई। इस दौरान भाजपा सांसद मुकेश राजपूत भी घायल हो गए। दोनों को आरएमएल अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया। राम मनोहर लोहिया अस्पताल की तरफ से दी गई जानकारी में बताया गया था कि सिर में चोट लगने के कारण एतिहात के तौर पर दोनों को आईसीयू में भर्ती कराया गया। प्रताप सारंगी को बहुत ज्यादा रक्तस्राव हो रहा था और उन्हें गहरा घाव भी हुआ था। इसलिए उन्हें टांके लगाने पड़े। मुकेश राजपूत बेहोश हो गए थे। दरअसल, बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बयान को लेकर कांग्रेस ने संसद भवन परिसर में मार्च निकाला था। जवाब में भाजपा ने कांग्रेस पर झूठ की राजनीति का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन किया। इस दौरान संसद भवन के मकर द्वार पर दोनों दलों के सांसद आमने-सामने आ गए। दोनों के बीच धक्का-मुक्की की भी नौबत आई। इस बीच प्रताप सारंगी चोटिल देखे गए। जब उनसे पूछा गया तो उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने एक सांसद को धक्का दिया, जो मेरे ऊपर गिर गए। इसके बाद मैं नीचे गिर गया।

मैं सीढ़ियों के पास खड़ा था, जब राहुल गांधी आए और एक सांसद को धक्का दिया, जो मेरे ऊपर गिर गए। मामले में जब लोकसभा में विपक्ष के नेता से सवाल किया गया तो उन्होंने कहा था कि यह आपके कैमरे में हो सकता है। मैं संसद के प्रवेश द्वार से अंदर जाने की कोशिश कर रहा था, भाजपा सांसद मुझे रोकने, धक्का देने और धमकाने की कोशिश कर रहे थे। इसलिए यह हुआ। हां, ऐसा हुआ है।

## ठहाके मारते दिखे ठाकरे ब्रदर्स, जब फैमिली फंक्शन में फिर मिले उद्धव और राज



**मुंबई, 23 दिसम्बर।**

महाराष्ट्र की राजनीति का केंद्र ठाकरे परिवार एक बार फिर चर्चा में है। सालों तक एक-दूसरे पर हमला बोलने वाले उद्धव और राज ठाकरे बीते दिन एक फंक्शन में साथ में दिखे। जिसके बाद ये चर्चा फिर होने लगी कि क्या दोनों भाई फिर साथ में आने वाले हैं। दरअसल, राज ठाकरे के भतीजे यश देशपांडे की शादी में दोनों भाई एक-दूसरे से मिले। पिछले हफ्ते ही राज ठाकरे उद्धव की पत्नी के भतीजे की शादी में शामिल हुए थे। दादर के आईईएस स्कूल में हुई शादी में दूल्हे के मामा राज ठाकरे अपनी मां कुंदा, पत्नी शर्मिला, बेटी उर्वशी, बेटा अमित और बहू मिताली के साथ पहुंचे थे। दूल्हे की मां जयजयवंती और उनके पति अभय देशपांडे ने उद्धव ठाकरे परिवार को भी आमंत्रित किया था। शादी में पूरा ठाकरे परिवार मौजूद था। आपसी राजनीतिक रंजिश को भूलकर सब दूल्हे को आशीर्वाद देने पहुंचे थे। उद्धव और राज ठाकरे अपने परिवार के साथ नवविवाहित जोड़े को आशीर्वाद देते दिखाई दिए।

## शराबी को हंगामा करने से रोकना पड़ा महंगा पिकअप वैन से कई लोगों को कुचला, 5 की मौत

**धमदाहा (पूर्णिया)।** पूर्णिया थाना क्षेत्र के डोकवा गांव से बेहद हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है, जहां एक सनकी युवक ने नशे में धुत होकर कई लोगों को पिकअप वैन से कुचल डाला। इस हादसे में 5 लोगों की मौत हो गई, वहीं 8 लोग घायल हैं। घायलों में दो की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिन्हें इलाज के लिए मायागंज रेफर किया गया है। सनकी युवक ने शराब के नशे में धुत होकर मामूली विवाद की वजह से कई लोगों को पिकअप वैन से कुचल दिया, जिसमें दो लोगों की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। वहीं एक दर्जन के करीब लोग घायल हो गए हैं। वह शराब के नशे में धुत होकर हो शोर मचा रहा था। इस दौरान सड़क किनारे जो भी मिला उसे रौंदते हुए वहां से भाग निकला। इस दौरान उसने दर्जनो लोगों को अपना शिकार बनाया और बेरहमी से उन्हें कुचलते हुए आगे बढ़ गया। बच्चे और बुजुर्ग भी उसका निशाना बन गए। इस घटना में जहां दो लोगों की मौके पर हीं मौत हो गई। वहीं करीब एक दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हैं।

## 4 ड्रग तस्करों की 84 लाख रुपये की संपत्ति जब्त

**पंजाब 23 दिसम्बर।** बीएसएफ ने पंजाब सीमा पर पिछले दो दिनों में पांच ड्रोन और चार हेरोइन की खेप बरामद की है, बीएसएफ अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। बीएसएफ के जवानों ने पंजाब पुलिस के साथ संयुक्त अभियान में तरनतारन जिले के दल गांव इलाके में दो डीजेआई एआईआर 3एस ड्रोन और हेरोइन के दो पैकेट बरामद किए, जिनका वजन क्रमशः 558 ग्राम और 613 ग्राम था। बीएसएफ ने बताया कि रविवार को सुबह करीब 9.45 बजे बीएसएफ के जवानों ने अमृतसर जिले के रतनखुर्द गांव से सटे एक खेत से एक और डीजेआई मैजिक 3 क्लासिक ड्रोन बरामद किया। बीएसएफ ने अमृतसर जिले के दरिया मूसा गांव से सटे एक खेत से एक डीजेआई माविक 3 क्लासिक ड्रोन बरामद किया था। बीएसएफ ने फिरोजपुर और अमृतसर जिलों के सीमावर्ती क्षेत्र में दो अलग-अलग घटनाओं में एक ड्रोन और हेरोइन की खेप के दो पैकेट बरामद किए थे।

## किसी संपत्ति के समझौता डिक्री के लिए स्टाम्प ड्यूटी की जरूरत नहीं, सुप्रीम कोर्ट का अहम

**नईदिल्ली, 23 दिसम्बर [एजेंसी]।**

संपत्ति विवादों को सुलझाने वाले सिद्धांतों को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने एक बड़ा फैसला सुनाया है। सर्वोच्च न्यायालय ने साफ किया कि किसी व्यक्ति को संपत्ति पर पहले से ही मौजूद अधिकारों की पुष्टि करने वाला समझौता डिक्री के लिए पंजीकरण अधिनियम 1908 के तहत पंजीकृत करना आवश्यक नहीं है। कोर्ट ने यह भी साफ किया कि इस तरह के मामले में भारतीय स्टाम्प अधिनियम 1899 के तहत कोई स्टाम्प ड्यूटी नहीं लगाई जाएगी, क्योंकि यह कोई नया अधिकार नहीं बनाती है। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने ये फैसला मुकेश बनाम मध्य प्रदेश राज्य और अन्य (केस नंबर 14808/2024) के मामले में दिया है। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की पीठ एमपी हाई कोर्ट की इंदौर बेंच के फैसले के खिलाफ दायर अपील पर सुनवाई कर रही थी।



हाईकोर्ट के फैसले में कलेक्टर ऑफ स्टैंम्प्स के फैसले को बरकरार रखा गया था, जिसमें अपीलकर्ता द्वारा समझौता कार्यवाही में संपत्ति को हासिल करने के लिए 6 लाख 67 हजार 500 रुपये की स्टाम्प शुल्क निर्धारित की गई थी। इसमें व्यक्ति के पास पहले से मौजूद अधिकार थे।

## जनअदालत में नक्सलियों ने किया डबल मर्डर

**बस्तर।** माओवाद को खत्म करने के लिए जवान लगातार जंगलों में घूम रहे हैं और लगातार सफलता भी मिल रहा है। वहीं माओवादी लगातार मिल रहे नुकसान से बौखलाए हुए हैं और हमेशा ये रणनीति बनाने के की फिराक में रहते हैं कि जवानों को कैसे नुकसान पहुंचाया जाए। वहीं कुछ जगहों पर नक्सली ग्रामीणों को भी नुकसान पहुंचाने की कोशिश में रहते हैं। इसी बीच खबर आ रही है कि नक्सलियों ने दो ग्रामीणों की हत्या कर दी है। बताया जा रहा है कि नक्सलियों ने जनअदालत लगाकर दो ग्रामीणों को मौत के घाट उतार दिया है।

## दिल्ली के स्कूलों में 1 से 15 जनवरी तक रहेगा शीतकालीन अवकाश, 9वीं से 12वीं कक्षा तक क्लासेज लेने की छूट

**नई दिल्ली 23 दिसम्बर।** दिल्ली राज्य के स्कूलों से पढ़ाई कर रहे छात्रों एवं उनके अभिभावकों के लिए महत्वपूर्ण खबर है। शिक्षा निदेशालय, दिल्ली सरकार ने राजधानी शहर के सरकारी स्कूलों के लिए शीतकालीन अवकाश के लिए डेट की घोषणा कर दी है। दिल्ली में 15 दिनों के लिए शीतकालीन अवकाश रहेगा। सर्दियों की छुट्टियां 1 जनवरी से शुरू होकर 15 जनवरी 2025 तक रहेंगी। जो छात्र 9वीं से लेकर 12वीं में पढ़ रहे हैं उनके लिए विशेष व्यवस्था की गई है। 9वीं और 11वीं के छात्रों को हर दिन अंग्रेजी, विज्ञान और मैथ्स पढ़ना अनिवार्य होगा। इन दोनों ही कक्षाओं के लिए 10 दिनों की एक्स्ट्रा (रेमेडियल) क्लासेज आयोजित की जाएंगी।

## युवाओं के स्किल को निखारने की जरूरत... पीएम ने 71000 युवाओं को बांटे नियुक्ति पत्र

**नई दिल्ली।** पीएम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज रोजगार मेला के तहत नवनियुक्त 71000 लोगों को नियुक्ति पत्र बांटे। इस अवसर पर पीएम ने कहा कि देश को आगे ले जाने के लिए युवा प्रतिभाओं के स्किल को निखारने की जरूरत है। पीएम ने कहा कि देश को आगे ले जाने के लिए युवा प्रतिभाओं की क्षमता को निखारना जरूरी है। यह जिम्मेदारी देश की शिक्षा व्यवस्था पर है, यही वजह है कि दशकों से देश को नए भारत के निर्माण के लिए आधुनिक शिक्षा व्यवस्था की जरूरत महसूस हो रही थी। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के जरिए अब देश उस दिशा में आगे बढ़ चुका है। पहले कई तरह की पाबंदियों के चलते शिक्षा व्यवस्था अक्सर छात्रों पर बोझ बन जाती थी, लेकिन अब यह उन्हें नए विकल्प दे रही है।



## फार्मा कंपनी में लीक हुई जहरीली गैस, दो लोग अस्पताल में भर्ती कराए गए

**विशाखापत्तनम, 23 दिसम्बर [एजेंसी]।**

आंध्र प्रदेश के अनकापल्ली इलाके में एक फार्मा कंपनी में जहरीली गैस लीक होने का मामला सामने आया है। इस हादसे में दो लोग प्रभावित हुए हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अनकापल्ली जिले के जिलाधिकारी विजय कृष्णन ने बताया कि जवाहरलाल नेहरू फार्मा सिटी में स्थित फार्मा कंपनी रक्षिता ड्रग्स प्राइवेट लिमिटेड में गैस लीक हुई है। इस गैस लीक की चपेट में आकर दो लोग बीमार हुए हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गैस लीक से प्रभावित लोगों में से एक की हालत गंभीर है। अनकापल्ली जिले के पुलिस अधीक्षक तुहिन सिन्हा ने बताया कि घटना सोमवार सुबह परवाड़ा इलाके में स्थित कंपनी में घटी, जहां प्रोडक्शन यूनिट में गैस लीक हुई। उस दौरान वहां मौजूद दोनों सहायक गैस लीक होने के बाद बेहोश हो गए।



इसके बाद दोनों को अस्पताल ले जाया गया।

पुलिस का कहना है कि हानिकारक गैसों से निपटने वाले स्क्रबर में रसायनों को स्थानांतरित करते समय गैस का रिसाव हुआ। पुलिस इस मामले में आपराधिक कोण से भी जांच कर रही है। आंध्र प्रदेश में ही एक अन्य घटना में एक आभूषण शोरूम में आग लग गई। अग्निशमन अधिकारी ने बताया कि पालाकोंडा शहर के पार्वतीपुरम मन्यम में कार्तिकेय आभूषण शोरूम में मध्य रात्रि को आग लग गई। आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट को माना जा रहा है। आग में सोने-चांदी के आभूषणों समेत फर्नीचर भी जलकर खाक हो गया।

## ठाणे कोर्ट में हत्या के आरोपी व्यक्ति ने जज पर फेंकी चप्पल, पुलिस ने दर्ज किया केस

*ठाणे। महाराष्ट्र के ठाणे जिले में एक सत्र न्यायालय में सुनवाई के दौरान हत्या के एक मामले में आरोपी 22 वर्षीय एक व्यक्ति ने न्यायाधीश पर चप्पल फेंकी। इस घटना की जानकारी पुलिस ने सोमवार को दी। उन्होंने बताया कि चप्पल न्यायाधीश को नहीं लगी बल्कि उनकी मेज के सामने लगे लकड़ी के फ्रेम से टकराकर बेंच क्लर्क के पास गिर गई। कल्याण कस्बे की अदालत में हुई और इसके बाद आरोपी के खिलाफ प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) दर्ज की गई।*

## अभिनेता मुश्ताक खान के अपहरण का सरगना लवीपाल मुठभेड़ में गिरफ्तार, पैर में लगी गोली



**बिजनौर।** सिने कलाकार मुश्ताक खान और हास्य अभिनेता सुनील पाल अपहरण कांड के मुख्य आरोपित और गिरोह के सरगना लवीपाल उर्फ सुशांत चौधरी को रविवार रात शहर कोतवाली पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। लवीपाल के बाएं पैर में गोली लगी है। उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसके पास एक तमंचा, कारतूस और 35 हजार रुपए बरामद किए हैं। अब अपहरण केस में दो आरोपित फरार हैं।

## पुलिस से मुठभेड़ में खालिस्तानी कमांडो फोर्स के तीन आतंकी ढेर, एके-47 बरामद

**पीलीभीत, 23 दिसम्बर [एजेंसी]।**

उत्तर प्रदेश के पीलीभीत जिले में यूपी और पंजाब पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। यूपी और पंजाब पुलिस ने मुठभेड़ में तीन खालिस्तानी आतंकियों को मार गिराया है। तीनों आतंकी खालिस्तानी कमांडो फोर्स के थे। मौके से दो एके-47 और दो पिस्टल बरामद की गई हैं। तीनों ने गुरदासपुर चौकी पर ग्रेनेड फेंका था। उत्तर प्रदेश के पीलीभीत जिले में तीन खालिस्तानी आतंकवादी एनकाउंटर में मारे गए हैं। पूरनपुर क्षेत्र में पंजाब और यूपी पुलिस की संयुक्त टीम ने यह कार्रवाई की है। पूरनपुर क्षेत्र में हरदोई ब्रांच नहर के करीब सोमवार सुबह करीब पांच बजे मुठभेड़ हुई। मारे गए आतंकवादियों के नाम प्रताप सिंह (23) पुत्र स्वरूप सिंह, शाहनूर खुर्द कलानूर जिला गुरदास पुर, वीरेंद्र सिंह (23) पुत्र रंजीत



सिंह, ऐशबान थाना कलानूर, गुरविंदर सिंह (20) पुत्र गुरदेव सिंह बुढिया कलानूर गुरदासपुर पंजाब हैं। दो एके-47 और दो पिस्टल बरामद हुई हैं। बताया जा रहा है कि ये तीनों पंजाब के गुरदासपुर में पुलिस चौकी पर हमले के मामले में वांछित थे। पंजाब पुलिस इनकी तलाश में जुटी थी। तीनों की लोकेशन पीलीभीत के पूरनपुर में मिली।

यहां पीलीभीत पुलिस के सहयोग से पंजाब पुलिस ने सोमवार तड़के तीनों आरोपियों की घेराबंदी। हरदोई ब्रांच नहर के समीप पुलिस की मुठभेड़ हुई। पूरा इलाका गोलियों से दहल उठा। आसपास के गांवों में दहशत फैल गई। लोग समझ नहीं पा रहे थे कि आखिर हुआ क्या। पुलिस मुठभेड़ में घायल आरोपियों को लेकर सीएचसी पूरनपुर पहुंची, जहां तीनों को मृत घोषित कर दिया। मुठभेड़ में दो सिपाही भी घायल हुए हैं। सिपाही सुमित राठी, थाना माधोटांडा और मोहम्मद शाहनवाज एसओजी शामिल हैं। एसपी ने सीएचसी पहुंचकर पूरे घटनाक्रम की जानकारी जुटाई।

## हॉस्पिटल बिल्डिंग में आग का धुआं फैलने से मचा हड़कंप

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के मरीन ड्राइव, तेलीबांधा के सामने स्थित एक कैफे में आज सुबह आग लग गई। सिप एंड बाइट कैफे में आग लगने से धुंआ बाहर आने लगा। जिससे लोगों में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना के बाद पुलिस और फायरब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंच गई है। घटना तेलीबांधा थाना क्षेत्र की है। जानकारी के मुताबिक, तेलीबांधा तालाब के सामने सिप एंड कैफे में सोमवार सुबह आग लग गई। कैफे से बाहर आ रहे धुंए को देखने के बाद लोगों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। जिसके बाद मौके पर पुलिस और दमकल की एक वाहन भी पहुंच गई। आग लगने के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। दमकल की वाहन आग बुझाने में जुटी हुई है। दुकान के ऊपर अस्पताल है, आग लगने से हड़कंप मच गया है।

डिलाईट क्लॉथ सेंटर
ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा
अब नये परिसर में नई साज-सज्जा के साथ
साड़ियों की विशाल रेंज
SUBHASH | Ambica | Cotton | SILK
Ladies Wear
सूट पीस । लहंगा । ड्रेस मटेरियल
कुर्ती सेट । वेस्टर्न वियर
प्लॉट नं. 81, टीवीएस शोरूम के बगल में, टी.पी. नगर, कोरबा (छ.ग.) मो. : 8120594099

स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक
चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
-: परामर्श का समय :- सुबह 10.30 से 1.30 (शाम को बंद )
डॉ.शशि अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.(U.K) Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा

TATA STEEL | TATA TISCON
समझदार बनें। बेहतर चुनें।
TATA TISCON 550SD
बी.आर. सेल्स
9009992855, 7049928855, 7987588210
सही सामान, सही दाम

# संजय नगर रेलवे क्रॉसिंग पर अंडर ब्रिज बनाने का काम फिलहाल लटका

कोरबा। पॉवर हॉउस रोड में यातयात के दबाव को कम करने संजय नगर रेलवे क्रॉसिंग पर अंडरब्रिज बनाने के लिए पिछले 10 साल से योजना बन रही है। राज्य शासन ने इसे बजट में भी शामिल किया है। लेकिन मद नहीं मिलने से उक्त योजना अधूरी रह गई। प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद उद्योग, वाणिज्य और श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने पुनः अंडरब्रिज निर्माण कार्य हेतु पहल की। उसके बाद लगभग 9 महीने पहले कोरबा जिला कलेक्टर अजीत वसंत ने अंडरब्रिज के लिए प्रशासकीय मंजूरी का आदेश जारी किया। जिसकी लागत 30 करोड़ 97 लाख 89 हजार रुपए है। इसमें से 50 प्रतिशत राशि रेलवे देगी। 50 प्रतिशत राशि डीएमएफ से खर्च होगी। पीडब्ल्यूडी सेतु निगम इसके लिए तकनीकी मंनूरी भी ले चुकी है। लेकिन परेशानी का सबब रेलवे और सिंचाई विभाग की जमीन पर अतिक्रमण होना है। राज्य शासन ने बड़ी योजनाओं के लिए जब तक 90 प्रतिशत जमीन क्लियर नहीं होगी तब तक निविदा नहीं करने का नियम बनाया है। कलेक्टर ने जमीन खाली कराने राजस्व, नगर निगम, रेलवे, सिंचाई विभाग की संयुक्त टीम बनाई है।

निजी जमीन बताकर न्यायालय में दी चुनौतीअंडरब्रिज से प्रभावित स्थल की जमीन को चार लोगों ने अपना बताते हुए जिला न्यायालय में याचिका लगाई है। न्यायालय में मामला जाने से जमीन का मामला उलझ सकता है। इस जमीन को रेलवे अपना बता रही है। वर्ष 1965 में यहां पर 4.57 एकड़ जमीन अधिग्रहित की गई थी। उसके बाद अगर दोनों विभाग अतिक्रमण नहीं होने देते तो परेशानी नहीं होती।सेतु निगम के एसडीओ एके जैन का कहना है कि नियमानुसार 90 फीसदी जमीन क्लियर होने के बाद ही टेंडर की प्रक्रिया शुरू होगा। वर्तमान में संजय नगर में प्रस्तावित अंडरब्रिज निर्माण के लिए जमीन को राजस्व की टीम के द्वारा खाली कराया जा रहा है। जमीन क्लियर होते ही टेंडर की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी

## मुख्यमंत्री विद्युतीकरण योजना से रोशन होगा क्षेत्र-हितानंद अग्रवाल

कोरबा । राज्य शासन की महती योजना मुख्यमंत्री विद्युतीकरण योजना के अंतर्गत प्रत्येक वर्ष करोड़ों रुपए की लागत से ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में विद्युतीकरण का कार्य कराया जाता है। इस वर्ष इस योजना का लाभ नगर निगम के कई वार्डों के निवासियों को मिलेगा। इस योजना के अंतर्गत विद्युतीकरण हेतु खंभे लगाने के कार्य का आबंटन हो चुका है। कई जगहों पर विद्युतीकरण का कार्य प्रारंभ भी हो चुका है। इसी क्रम में कोरबा नगर निगम नेता प्रतिपक्ष हितानंद अग्रवाल के वार्ड 35 में बताए गए स्थान पर ठेकेदारों द्वारा खंभे गिराकर विद्युतीकरण का कार्य प्रारंभ किया जा रहा है। वार्ड 35 के शांति नगर क्षेत्र में वार्ड वासियों के साथ हितानंद अग्रवाल ने पूजा-अर्चना कर एवं नारियल तोड़कर कार्य का शुभारंभ कराया। कार्य की शुरुआत होने से लोगों के बीच खुशी की लहर है।

# हाथी मड़रा रहे उपार्जन केन्द्र के पास कर्मचारी दहशत में



कोरबा। करीब एक दर्जन की संख्या में यह हाथी अंधेरा छाने के बाद धान खरीदी केंद्र में धमक रहे हैं। अब खरीदी केंद्र के कर्मचारी और चौकीदार को इस बात की चिंता है कि वे धान बचाएं कि जान। दोनों को बचाने की कवायद में किसानों से मदद ली जा रही है। उनके ट्रैक्टर लेकर उनकी मदद से रात में तेज आवाज में साउंड बॉक्स पर गाना बजाते हुए हाथियों को खदेड़ने की जोखिम भरी कोशिश की जा रही है जिसका वीडियो भी सामने आया है।वहीं दूसरी तरफ इन सब मामलों में अनुभवी वन कर्मियों और अधिकारियों की भूमिका पर भी सवालिया निशान उठे हैं जो सिर्फ हिदायत देकर खानापूर्ति कर रहे हैं।

कोरबा में सहकारी समिति के कर्मचारियों ने हाथियों को खदेड़ने का गजब का तरीका इजाद कर लिया है। किसानों से उधार लिए ट्रैक्टर के जरिए रात भर हाथी को खदेड़कर धान की सुरक्षा कर रहे हैं। यह नजारा करतला ब्लाक के हाथी प्रभावित नवापारा गांव स्थित 90 हजार क्विंटल धान की क्षमता वाला जिले का सबसे बड़ा उपार्जन केंद्र का है। इस केंद्र से लगे गांव के जंगल के आसपास 12 हाथियों ने डेरा जमा लिया है। शाम ढलते ही हाथियों का दल मंडी में घुसने की कोशिश करता है। उनसे निपटना बड़ी चुनौती बन जाती है। फड़ के कर्मचारी ट्रैक्टर के जरिए और तेज आवाज में साउंड बॉक्स बजाकर हाथी को खदेड़ रहे हैं।पिछले 15 दिनों से यहां हाथियों से दहशत जारी है। फेंसिंग तोड़कर हाथी इस केंद्र में घुसने का प्रयास करते हैं। किसानों और कर्मचारियों की जान खतरे में रहती है। नवापारा, रामपुर समेत तीन केंद्र के कर्मचारी अपनी जान जोखिम में डालकर रातभर हाथियों से धान की सुरक्षा कर रहे हैं। किसानों के ट्रैक्टर मांगकर उसका साइलेंसर निकाल दिया है ताकि गाड़ी से अधिक आवाज आए, मगर यह तरीका भी जानलेवा है। कुछ दिन पहले एक हाथी चचिया के धान मंडी में घुस गया था। उसके बाद 15 हाथियों का दल नवापारा मंडी के इर्द गिर्द मंडरा रहा है।

# करोड़ो खर्च होने के बावजूद नही दूर हो रही जिले में हाथी समस्या



कोरबा। हाथी- मानवद्वंद को कम करने के लिए बीते 20 साल में कई योजना बनी, काम भी हुए, लेकिन योजना का लाभी नहीं मिला। सरकारें आतीं रहीं, जातें रहीं। हर बार नई योजना पर काम हुआ, पैसे भी खर्च हो गए। इतने वर्षों में हाथियों से नुकसान कम होने के के बजाए बढ़ते चले गए। बाद में अफसरों ने उन्हीं योजनाओं को कमजोर बताकर नई प्लानिंग कर ली। लेकिन इन सबके पीछे ना हाथी सुरक्षित है, ना ही आम आदमी। दोनों के रहवास की ना सही तरीके से प्लानिंग हुई ना ही काम। लेमरू ऐलीफेंट कॉरिडोर को कांग्रेस सरकार में अमल में लाया जरुर, लेकिन इसमें एक बड़ी विसंगति भी सामने आई। दरअसल कटघोरा वनमंडल के केंदई, जटगा व पसान रेंज को शामिल नहीं किया गया। सबसे अधिक हाथी प्रभावित क्षेत्रों को शामिल नहीं करने के अलावा क्षेत्र में काम नहीं किया गया। पुराने ढर्रे पर हाथियों को जंगल की ओर खदेड़ने के प्रयास से ही लगातार हमले और नुकसान हो रहा है। इधर पांच साल में 90 करोड़ के इस प्रोजेक्ट के काम को पूरा हो जाना था। कुदमुरा व करतला क्षेत्र में हाथी प्रभावित गांवों को सोलर पॉवर फेंसिंग से सुरक्षित करने तार बिछाएं गए थे। लेकिन ये जिनते गांव में काम होना था, वहां पूरा नहीं हो सका है। खासकर हाथियों के रूट में फेंसिग काम नहीं किया गया है। लेकिन जहां लगाएं भी गए वहां ये इतने 10 फीसदी भी कारगार साबित नहीं हुए। हाथियों को इससे कोई असर नहीं पड़ा। इधर हाथियों को भगाने के लिए हुल्ला पार्टी भी कामगार साबित नहीं हो सके हैं। हर साल इन दल के माध्यम से ग्रामीणों को प्रशिक्षण भी दिया जाता है। हाथियों के उत्पात की सूचना मिलने पर इन्हें मौके पर भेजा जाता है उसके बाद भी हाथी एक ही क्षेत्र में जमे हुए होते है। खासकर जब हाथियों की संख्या 50 से अधिक हो जाती है तब ये अमला बेबस नजर आता है। जंगल में बसे लोग परेशान होते हैं। मातमार, गेरांव, कोरकोमा, चिर्रा, बैगामार, तौलीपाली, कुदमुरा, जिल्गा, कटकोना, बरपाली, कलमीटिकरा, गिरारी, कलगमार, तराईमार, सोलवा, बासीन, धौराभाटा, सलिहाभाठा, बोतली, बासिन, मदनपुर, कोरकोमा, बुंदेली, आमाडांड, चचिया, सुखरीकला समेत - 34 गांव। सिरमिना, बगाहीपारा, लमना, चोटिया, जटगा, पसान, एतमानगर, केंदई, बांगो, लँगा, लैंगी, आमाटिकरा, फुलसरी, पतुरियाडांड, मदनपुर, कुम्हारीदर्री, पिपरिया, कोडगार, अमझर, दुल्लापुर, सिमगा, पोंड़ीखुर्द, मड़ई, मानिकपुर, गुरसिया, परला, जलके, बीजाडांड, बासिन समेत 50 गांव। एनाइडर डिवाइस हाथी प्रभावित क्षेत्रों में लगाया गया है। हाथियों के करीब आते ही ग्रामीणों को अलर्ट करने के उद्देश्य से इस डिवाइस को गांव-गांव में लगाया गया है। ऑनलाइन तरीके से यह काम करता है। वन विभाग हाथियों के लोकेशन के हिसाब से अलर्ट जारी करता है। इस योजना का भी लाभ सौ फीसदी नहीं मिल पा रहा है। हाथी गांव में घुस जाते हैं, विभाग को भनक तक नहीं लगती।

## सीजीएम ने बुलाई बैठक

कोरबा। जिला पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष अजय जायसवाल व उपाध्यक्ष रीना जायसवाल के द्वारा गेवरा सीजीएम के दफ्तर में 24 दिसंबर को तालाबंदी करने का ऐलान के बाद इसकी व्यापक स्तर पर तैयारी की जा रही है। दूसरी तरफ इस सूचना से प्रबंधन हरकत में आया है और उन्होंने उपाध्यक्ष को एक पत्र लिखकर इस मसले पर 23 दिसंबर को गेवरा महाप्रबंधक कार्यालय के सभा कक्ष में दोपहर 1 बजे आहूत बैठक में उपस्थित होने का आग्रह किया है।बता दें कि एसईसीएल की कोरबा जिले में संचालित गेवरा परियोजना खदान से प्रभावित ग्राम भिलाई बाजार, बरभाटा, मुड़ियानार, सलोरा, पंडरीपानी, नराईबोध, उमेंदीभाटा, केसला में धारा 4 का प्रकाशन कर अधिग्रहण किया जाना है। भविष्य में हजारों एकड़ जमीन से कोयला खनन होना है। वर्तमान में बड़ी-बड़ी कंपनियां गेवरा खदान में नियोजित हैं जिसमे हजारों की संख्या में अन्य राज्य और अन्य जिलों के लोगों को काम पर रखा गया है जबकि प्रभावित ग्रामों से लगभग 100 लोगों को भी नियोजित कंपनियों में रोजगार प्राप्त नहीं हुआ है। इस मसले पर भू विस्थापित बेरोजगर युवकों को रोजगार हेतु सीजीएम गेवरा के कार्यालय में जिला पंचायत उपाध्यक्ष रीना जायसवाल व पूर्व उपाध्यक्ष अजय जायसवाल के नेतृत्व में 24 दिसम्बर को होने वाले तालाबंदी को विभिन्न भू-विस्थापित संगठनों ने अपना समर्थन दिया है।

# शहीद वीर नारायण की पुण्य तिथि पर आयोजित हुआ कार्यक्रम



कोरबा । शहीद वीर नारायण सिंह की पुण्यतिथि को आदिवासी बिंझवार युवा कल्याण समिति ने युवा प्रेरणा महोत्सव के रूप में मनाया। शुक्लाखार गांव के बिंझवार भवन में इस कार्यक्रम के पहले आयोजन स्थल से रैली निकाली।कार्यक्रम में पहुंचे कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल समेत समाज के अन्य लोगों ने देव पूजन व दीप प्रज्वलन के बाद समाज के मेघावी छात्रों को सम्मानित किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम व सामाजिक उत्थान पर परिचर्चा के कार्यक्रम में समाज प्रमुखों ने अपने विचार रखे।बिंझवार समाज के युवक, युवतियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी,जिसे सभी ने सराहा। कार्यक्रम को सफल बनाने में आदिवासी बिंझवार युवा कल्याण समिति के सदस्यों का भी सहयोग रहा।इस अवसर पर छत्तीसगढ़ जनजाति सलाहकार परिषद सदस्य रघुराज सिंह उइके,संजय शर्मा,सांई मन्नू राठौर, राजेन्द्र दीवान सहित समाज के लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे।।

## कोरबा एरिया ने हसदेव को हराकर जीता फाइनल,15 क्षेत्रों से आए 160 खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा

कोरबा। तीन दिवसीय अंतरक्षेत्रीय बॉलीबॉल का आयोजन कोरबा क्षेत्र में किया गया। फाइनल मैच कोरबा क्षेत्र एवं हसदेव क्षेत्र के मध्य खेला गया जिसमें कोरबा क्षेत्र 3-1 से विजय दर्ज की। पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोह के मुख्य अतिथि कोरबा के एरिया के महाप्रबंधक थे। उन्होंने खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया। व्यक्तिगत पुरस्कार में बेस्ट स्मैशर सुमित राय, बेस्ट बूस्टर ज्ञानेश तिरुपंकर, ऑल राउंडर सियाराम बंजारे एवं प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट संजय सिंह रहे कोरबा क्षेत्र वॉलीबॉल प्रतियोगिता में हमेशा अपनी जीत दर्ज करते आ रहा है। कोरबा टीम के कप्तान संजय सिंह हमेशा टीम के सदस्य रहे जिन्हें महाप्रबंधक ने लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया। साथ ही अखिल भारतीय एथेलेटिक्स टूर्नामेंट में 1500 मीटर दौड़ में गोल्ड मेडन जीतने पर अनीमा कुजुर को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि कंपनी संचालन समिति के सदस्य,कंपनी कल्याण समिति, कंपनी सुरक्षा समिति, सिस्टा, कॉन्सिल एवं ओबीसी संगठन के पदाधिकारी के साथ ही अधिकारी और कर्मचारियों सहित बड़ी संख्या में महिलाएं भी उपस्थित थीं। तीन दिनों तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में 15 क्षेत्रों से आए 160 प्रतिभागी ने भाग लिया। नेशनल रेफरी राजेश्वर सिंह एवं रमेश बहादुर सिंह की टीम ने निर्णायक का दायित्व निभाया।

## धूमधाम से मना वार्षिकउत्सव

कोरबा। श्री हरकिशन पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल कोरबा में वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि टेक्स बार एसोसिएशन के अध्यक्ष आशीष कुमार खेतान ने सरस्वती माता की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि खेतान ने मोबाइल के उपयोग से होने वाले नुकसान के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही छात्रों से आह्वान किया कि मोबाइल का उपयोग कम से कम करें, ताकि दुष्प्रभाव से बचा जा सके। छात्रों को आगामी परीक्षा में बेहतर अंक के साथ सफलता हासिल करने के लिए प्रोत्साहित किया। संस्था के प्राचार्य रविन्द्र सिंह ने गत वर्ष के मेधावी छात्र-छात्राओं को बधाई दी एवं आगामी वर्ष में भी इसी तरह की सफलता हासिल करने कहा। वार्षिकोत्सव में स्कूल समिति के सभी पदाधिकारी और सदस्य शामिल होकर सहयोग किए। प्रारंभ में छात्रों ने राजकीय गीत प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के बीच में छात्र-छात्राओं द्वारा अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। जिसमें नृत्य, ड्रामा, फोक डांस आदि शामिल थे। कक्षा 1 व 2 के नन्हें बच्चों ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का एक्ट किया। जिससे समाज में बेटियों के प्रति फैली बुराईयों को दूर करने के लिए सीख थी। कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रगान के माध्यम से समापन की घोषणा की गई।

# पूर्वांचल विकास समिति केंद्रीय कार्यकारिणी घोषित

**कोरबा** । पिछले माह पूर्वांचल विकास समिति (केंद्रीय) की आम सभा में सर्वसम्मति से आर ए पांडे को अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया गया था जिसकी कार्यकारिणी अध्यक्ष रामाश्रय पांडे ने घोषित कर दिया है घोषित कार्यकारिणी में संरक्षक- कमलेश यादव,डॉक्टर राजीव सिंह, बी एन सिंह, आर के सिंह, के एन सिंह, अध्यक्ष- आर ए पांडे वरिष्ठ उपाध्यक्ष- सत्येंद्र दुबे उपाध्यक्ष- डी एन राय,अशोक सिंह ,शंभू सिंह, सर्वजीत सिंह, सुमन कुमार, हरेराम सिंह, विवेक सिंह सचिव- विनय कुमार राय सहसचिव- नीरज शर्मा संगठन सचिव- वेद प्रकाश यादव कोषाध्यक्ष- विमल सिंह उपकोष अध्यक्ष-नवीन शर्माप्रवक्ता-विनोद सिन्हा,शैलेंद्र यादव कार्यकारिणी सदस्य- अशोक कुमार तिवारी,रमेश सिरका, इंजीनियर अशोक सिंह, गोपाल नारायण सिंह, सूर्यकुमार पांडे, दीपक कुमार ठाकुर ,अंचल सिंह, अजीत सिंह, राकेश मिश्रा, अंबुज शर्मा ,विशाल सिंह, रणजीत सिंह, लल्लन सिंह ,रविकांत सिंह, शैलेंद्र सिंह, हरिकेश यादव, गंगासागर पाठक, गोपाल, पंकज सिंह, अजय सिंह ,सुरेंद्र बहादुर सिंह आदि ।

# वार्षिकोत्सव में बच्चों की रंगारंग प्रसतुति





कोरबा । श्री अग्रसेन पब्लिक स्कूल ने दो दिवसीय वार्षिक उत्सव के तहत आज भव्य रूप से मनाया गया वार्षिक उत्सव में विद्यार्थी के द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रमों के तहत विभिन्न युगों कि झलक देखने को मिली प्रस्तुत कार्यक्रम में आध्यत्मय की ओर से सतयुग से कलयुग तक की अपनी प्रस्तुति दी ।

मंचीय कार्यक्रम मे सर्वप्रथम माता सरस्वती एवं महाराजा अग्रसेन जी के तैलचित्र पर माल्यार्पण के बाद दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया । इस अवसर पर श्री अग्रसेन पब्लिक स्कूल की प्राचार्या श्रीमती शोमा सोनी ने अपने उद्बोधन में कहा यह विद्यालय के बच्चों के लिए विशेष दिन होता है । शिक्षक एवं शिक्षिकाओं की मेहनत भी होती है । इस अवसर पर श्री अग्रसेन शिक्षण समिति विद्यालय के अध्यक्ष अखिलेश अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में कहा वार्षिकोत्सव बच्चों के लिए मनोरंजन भी होता है । उनका अनुभव भी मिलता है । जिससे वे शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक गतिविधियों में अपना प्रदर्शन कर सकते हैं उन्हें इसका भरपूर आनंद लेना चाहिए । इस अवसर पर अग्रवाल सभा के अध्यक्ष राजेन्द्र अग्रवाल ने अपने उदबेधन में विद्यालय व अग्रवाल सभा के द्वारा संचालित संस्थाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी । इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपाध्यक्ष आरोग्य भारती छत्तीसगढ़ व अधिवक्ता हाईकोर्ट राजेन्द्र कुमार अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि वार्षिकोत्सव हमारे साल भर की गतिविधियों का मूल्यांकन होता है । विद्यालय में हर उम्र के बच्चें होते हैं जिनकी मानसिक परिस्थिती लगातार परिवर्तित होती रहती है। हमें इसका विशेष ध्यान रखना होगा । शिक्षा चरित्र का भी निर्माण करती है। इसके साथ-साथ हमें अपने स्वास्थ्य का भी ध्यान रखना होगा । अगर शरीर स्वस्थ होगा तो मन भी स्वस्थ होगा । जिससे हम हर गतिविधियों में आगे बढ़ सकते हैं ।

वार्षिकोत्सव के इस रंगारंग कार्यक्रम में बच्चों ने सतयुग से कलयुग तक विभिन्न पलों को अपने कार्यक्रम के माध्यम से मनमोहन प्रस्तुति प्रदान की । कार्यक्रम में रामायण काल से कृष्ण लीला व कल्की अवतार का जीवित चित्रण प्रस्तुत किया । इसके साथ ही लोककला पर भी राउत नाचा की प्रस्तुति पर मुख्य अतिथि सहित अग्रवाल सभा व श्री अग्रसेन शिक्षण समिति विद्यालय के पदाधिकारियों को झुमने पर मजबूर कर दिया । इस अवसर पर मुख्य अतिथि व अन्य पदाधिकारियों ने भी राउत नाचा कर कार्यक्रम की गरिमा और बढ़ा दी । विद्यार्थियों की सांस्कृतिक गतिविधियों में रामायण काल में माता शबरी के बेर से रावण वध तक का चित्रण, कृष्ण जन्म से गीता के ज्ञान तक व कलयुग के अंत व छठ पूजा का मनोहर दृश्य प्रस्तुत किया । सांस्कृतिक कार्यक्रम में भावना अग्रवाल, कामिनी बरेठ, निशा दीवान, शुभम अग्रवाल, यशोदा साहू, निधी मिश्रा, ममता टाक कुसुम पाण्डेय, रीना चौधरी, उषा पटेल, मंजू शर्मा, सत्यप्रकाश साहू, हेमन्त राजवाड़े पुष्पलता मैत्री , मोनिका साहू, निलेश यादव,दिनेश देवांगन, का विशेष योगदान रहा ।

इस अवसर पर अग्रवाल सभा के पूर्व अध्यक्ष रामसिंह अग्रवाल, महाबीर प्रसाद अग्रवाल, नागरमल अग्रवाल, अग्रवाल सभा के सचिव गोपाल अग्रवाल, अग्रसेन शिक्षण समिति के सचिव त्रिलोकी बजाज कोषाध्यक्ष संजय अग्रवाल उपाध्यक्षा श्रीमती अनीता सिंघल, श्रीमती भगवती अग्रवाल, स्मृति बुधिया, श्रीमति आभा अग्रवाल जगदीश अग्रवाल मनीष अग्रवाल गोपाल प्रसाद केडिया राज अग्रवाल व अग्रबन्धुगण व अग्रमहिलाऐं व शिक्षक शिक्षकाऐं व विद्यार्थी व अभिभावक बडी संख्या में उपस्थित थे



## लाफा में आयोजित की गई रंगोली व मेंहदी प्रतियोगिता

कोरबा। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय लाफा में विकासखंड शिक्षा अधिकारी एसएन साहू के मुख्य आतिथ्य, प्रभारी प्राचार्य पीके पाल के मार्गदर्शन, प्राचार्य जीपी बंजारे के संरक्षण, कार्यक्रम अधिकारी महाबीर प्रसाद चंद्रा, प्रभारी शिक्षक गुड्डी खूंटे की अगुवाई में रंगोली और मेहंदी प्रतियोगिता आयोजित की गई।

प्रतियोगिता का आयोजन स्कूल की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा किया गया। प्रतिभागी विजेता छात्रों को पुरस्कृत किया गया। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम बबीता 12वीं, द्वितीय नीतू 12वीं, तृतीय चंद्र प्रकाश दशमी, चतुर्थ प्रकाश दशमी, मेहंदी प्रतियोगिता में प्रथम नेहा 12वीं, द्वितीय रंजीता 11वीं, तृतीय श्रेया 11वीं, चतुर्थ चांदनी दशवीं कक्षा रहीं। जिन्हें राष्ट्रीय सेवा योजना लाफा की ओर से पेंसिल किट, कलर पेंसिल, कॉपी एवं मुख्य अतिथि के सौजन्य से सभी प्रतिभागियों को नगद एक - एक सौ कुल एक हजार के पुरस्कार से उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने शासन की इच्छा व मंशा अनुरूप छात्र हित में शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं में निश्शुल्क गणवेश, पुस्तक, सरस्वती साइकिल योजना, छात्रवृत्ति, प्रयास विद्यालय में पढ़ाई, कोचिंग, नीट, जेईईई आदि का जिक्र कर, छात्र छात्राओं से लाभान्वित होने का आह्वान किया।

## एनटीपीसी कंट्रोल रूम में चोरी , दो गिरफ़्तार

कोरबा। दीपका पुलिस द्वारा कंट्रोल रूम सीकरी से 150 मीटर कॉपर वायर चोरी करने वाले 2 आरोपीयों गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।बता दें कि पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी (भापुसे), के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोरबा यू बी एस चौहान, नगर पुलिस अधीक्षक दर्री विमल कुमार पाठक के मार्गदर्शन पर लगातार जुआ, सट्टा, आबकारी, नारकोटिक्स एक्ट एवं अवैध गतिविधियों पर कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में थाना दीपका प्रभारी प्रेमचंद साहू के नेतृत्व में दीपका पुलिस टीम के द्वारा लगातार कठोर कार्यवाही कि जा रही है। थाना प्रभारी प्रेमचंद ने बताया कि प्रार्थी राजन, पिता-वर्जिश, निवासी सिचाई कॉलोनी रायपुर द्वारा थाना दीपका में रिपोर्ट दर्ज कराया गया था कि दिनांक 20/12/2024 की रात्रि को कंट्रोल रूम सीकरी लोडिंग पॉइंट से 150 मीटर कॉपर वायर को अज्ञात लोगों द्वारा चोरी कर लिया गया है, उक्त रिपोर्ट को तत्काल संज्ञान में लेते हुए दीपका पुलिस द्वारा आरोपियों को पकड़ा गया और उनके कब्जे से चोरी के मशरूका को बरामद कर जप्त किया गया है

# संस्कृत समस्त संस्कृति की जननी हैः डॉ पांडे

## महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त महाराज ने की अध्यक्षता कार्यक्रम की



**जांजगीर चांपा।** संसार में आप चलते- फिरते रहें तो दुर्जनों से मुलाकात तो होते ही रहती है किंतु जब सज्जनों भेंट -मुलाकात हो जाए तो संकट दूर हो जाते हैं यह बातें केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय भोपाल के निदेशक डॉक्टर रमाकांत पांडे ने शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला संस्कृत विद्यापीठ राजिम में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए अभिव्यक्त की। उन्होंने कहा कि- ये जो संत हैं संस्कृति को आगे बढ़ाने के लिए ही होते हैं?। अपने जीवन की घटना को याद करते हुए उन्होंने कहा कि - बचपन में मेरी मां मुझे संस्कृत पढ़ाना चाहती थी लेकिन जब मैं 5 वर्ष का था उनकी देहावसान हो गया। पिताजी ने मुझे साइंस पढ़ाना चाहा और स्कूल में भर्ती कर दिया। मैंने अपना नाम संस्कृत विद्यालय में दाखिल कराया। मेरे सांथी जो साइंस के विद्यार्थी थे आज वे साइकल दुकानों में पंचर बना रहे हैं लेकिन उदाहरण के तौर पर मैं आप लोगों के समक्ष उपस्थि हूं। आप पढ़िए और आगे बढ़िये। संस्कृत समस्त संस्कृति की जननी है, सनातन धर्म ही वैश्विक धर्म है। *जीवन में धन संपत्ति चाहे कितनी हो जाए! शांति तो संस्कृति से ही आती हैं।

कार्यक्रम के अध्यक्ष राजेश्री महन्त जी महाराज ने कहा कि- संस्कृत भाषा को आगे बढ़ाने के लिए भारत वर्ष के मूर्धन्य विद्वान डॉक्टर पांडे जी का आगमन हम सभी के बीच में हुआ है वे देश के कोने -कोने में पहुंचकर संस्कृत भाषा को समृद्ध करने में लगे हुए हैं। इसके पूर्व संस्कृत विद्यापीठ राजिम के अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि - मुझे इस अवसर की कल्पना नहीं थी। सुबह पूजा अर्चना कर रहा था अचानक महन्त जी का फोन आया। मैंने सोंचा आज कुछ अच्छा होने वाला है। भारतवर्ष के इतने बड़े विद्वान का इस विद्यालय में अचानक आगमन हुआ यह परम सौभाग्य की बात है। अतिथि का सम्मान साल श्री फल भेंट करके किया गया। आचार्य चूड़ामणि पांडे ने आभार व्यक्त की। इस अवसर पर भगवान राजीव लोचन मंदिर राजिम के पुजारी ठाकुर चंद्रभान सिंह, प्रबंधक पुरुषोत्तम मिश्रा तथा मुख्तियार सुखराम दास, राजेश शास्त्री, मीडिया प्रभारी निर्मल दास वैष्णव सहित अनेक गणमान्य नागरिक गण उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि प्रोफेसर पांडे जी ने भगवान राजीव लोचन,कुलेश्वरनाथ महादेव एवं चंदखुरी में कौशल्या मंदिर पहुंचकर राजेश्री महन्त जी महाराज के साथ दर्शन- पूजन किया।

## अतिरिक्त कक्ष का किया गया उद्घाटन

**बलौदा।** मुख्यमंत्री नवाजतन योजना में शासकीय प्राथमिक शाला रामपुर बलौदा में 2 अतिरिक्त कक्ष का निर्माण पूरा हो गया। शनिवार को इसका शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से गंगोत्री राजेन्द्र कंवर जनपद सदस्य, तुलसी रामनिवास कश्यप, सरपंच, संकुल प्रभारी व प्राचार्य संतराम रात्रे, शैक्षिक समन्वयक पुनीदास महंत, एसएमसी अध्यक्ष ओमप्रकाश सारथी, लेखराम पटेल, राजकुमार पटेल, अतिथि राजेन्द्र कंवर, रामनिवास कश्यप, भूतपूर्व सैनिक गुलाल सिंह धुर्व फिरतराम गोंड़, प्रधानपाठक फूलचंद नारंग प्राथमिक शाला, भावना पटेल, प्रधान पाठक लखनलाल यादव पूर्व माध्यमिक शाला तिरीथराम शांडिल्य , रेखा खरे, प्रमिला मिरी, सहसराम उपस्थित रहे।

## कलश यात्रा के साथ भागवत कथा का शुभारंभ



**गोधना।** आदर्श ग्राम गोधना के मिलन चौक निवासी अर्जुन लाल साहू के निवास में सप्त दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह शुभारंभ किया गया। कथा प्रारंभ से पूर्व व्यास पंडित दीपक कृष्ण महाराज को रथ में बैठाया गया। यजमान ने श्रीमद् भागवत पुराण को अपने सिर में धारण करके कलश यात्रा के लिए प्रस्थान किया। वही कलश यात्रा निवास से शुरू होकर मिलन चौक होते हुए नया तालाब पहुंची। यहां महिलाओं एवं बालिकाओं द्वारा कलश में जल भरा गया। इसके बाद कलश यात्रा आगे बढ़ते हुए महावीर मोहल्ला, गणेश मोहल्ला, चंडी चौक ,अंबेडकर चौक शेरा चौक, संतोषी चौक ,भाठापारा होते हुए पुन: कथा स्थल पहुंची। कलश यात्रा के बाद सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। कलश यात्रा में गांव की महिलाओं के साथ बालिकाएं व ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए।

## कलश यात्रा के साथ मुक्ताराजा में नौ दिनी श्रीमद् भागवत कथा शुरू

**बाराद्वार।** मुक्ताराजा के वार्ड नं 14 और 15 के लोगों द्वारा 21 से 29 दिसंबर तक नौ दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा महापुराण ज्ञान यज्ञ का आयोजन मुक्ताराजा के नया तालाब के पास किया गया है। इसका आगाज शनिवार को कलश यात्रा के साथ हुआ। 21 दिसंबर शनिवार की शाम मुक्ताराजा में वार्ड नं. 14 और 15 के लोगों, महिलाओं और युवाओं द्वारा गाजे-बाजे के साथ धूमधाम से कलश यात्रा निकाली गई। यह गांव के विभिन्न वार्डों का भ्रमण करने के बाद कथा स्थल पहुंचकर संपन्न हुई। इसके बाद पंडितों ने कलश पूजा कराते हुए पहले दिन की कथा सुनाई।




## वार्षिकोत्सव में छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम से मन मोहा

**जांजगीर।** जिले के गुरुकुल इंटरनेशनल में वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। वार्षिकोत्सव में छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। वार्षिकोत्सव में मुख्य आकर्षण कॉमेडियन विकल्प मेहता थे। उन्होंने अभिनेता अक्षय कुमार की मिमिक्री की।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विकल्प मेहता, विशिष्ट अतिथि शिक्षण समिति के उपाध्यक्ष सतीश कुमार अग्रवाल, कोषाध्यक्ष विजय कुमार अग्रवाल, सचिव दीपक राठौर, डायरेक्टर पुष्कर अग्रवाल, डायरेक्टर विकास अग्रवाल, डायरेक्टर निखिल अग्रवाल, डायरेक्टर अनुश्री राठौर, स्कूल प्रबंधन से चंचल अग्रवाल, निकिता अग्रवाल, नीतू अग्रवाल, नेहा अग्रवाल, प्रदीप राठौर, प्रीति राठौर, अंकिता अग्रवाल एवं प्राचार्य संतोष कुमार शर्मा, प्रशासक विपिन गुप्ता थे। स्कूल प्रबंधन के उपाध्यक्ष सतीश कुमार अग्रवाल ने कहा कि विद्यालय का मुख्य उद्देश्य समग्र रूप से छात्र-छात्राओं के प्रदर्शन बेहतर करने के लिए एक सकारात्मक वातावरण बनाना है। बच्चों के सर्वांगीण विकास पर ध्यान केंद्रित करने के साथ-साथ उनके बेहतर भविष्य के लिए नींव तैयार करना है।

विद्यार्थियों का किया सम्मान कार्यक्रम के दौरान प्रतिभावान छात्रों का सम्मान भी किया गया। विगत शैक्षणिक सत्र 2023- 24 के कक्षा 12वीं विज्ञान संकाय में प्रथम अंशुल अग्रवाल 85.4प्रतिशत, द्वितीय 76.3प्रतिशत, तृतीय अयान सिंह 75प्रतिशत को पदक और प्रशस्ति पत्र दिया गया। वाणिज्य संकाय में प्रथम चंचल अग्रवाल 92.8प्रतिशत, द्वितीय जतिन राठौर 83प्रतिशत, तृतीय आशिका जैन 77प्रतिशत, को पदक और प्रशस्ति पत्र दिया गया।



## श्री कृष्ण गौशाला नैला में गौ पूजन उत्सव कार्यक्रम संपन्न

**जांजगीर चांपा ।** छत्तीसगढ़ राज्य सरकार गठन होने के एक वर्ष के उपलक्ष में श्री कृष्ण गौशाला नैला में गौ पूजन, पशुधन विकास विभाग के सहयोग से आयोजित किया गया है । गौ पूजन कार्यक्रम में गौ माता का तिलक एवं आरती व पूजन उत्सव कार्यक्रम संपन्न किया गया, साथ ही पशु चिकित्सा शिविर जिसके अंतर्गत चिकित्सा उपचार, टीकाकरण , उपचार किया गया, साथ ही साथ कृमि नाशक दवा का पान कराकर गौ माता की सेवा की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपसंचालक पशु चिकित्सा एवं सेवाएं डॉ . ए. एल. सिंह द्वारा गोपालन से लाभ एवं विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई । समिति के अध्यक्ष राजेश पालीवाल ने गौ माता के वैज्ञानिक एवं आध्यात्मिक महत्व की जानकारी प्रदान की , साथ ही सरकार की धार्मिक और सांस्कृतिक सोच को दर्शाया इस कार्यक्रम में गौ सेवा करने वालों का एवं दाताओं का सम्मान किया गया कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पशुधन विकास के उपसंचालक डॉ.ए एल सिंह सहित विभागीय स्टॉप ,गौशाला के गौ सेवक एवं जनसमूह की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ । गौ पूजन कार्यक्रम में पशुधन विकास विभाग के साथ ही साथ समिति के सभी सदस्य गणमान्य नागरिक भारी संख्या में उपस्थित रहे सभी ने गौ माता की पूजा कर आशीर्वाद लिया ।

# राह चलते लोगों से लूटपाट, सूचना मिलने पर जांच के साथ आरोपी को किया गिरफ्तार

**चांपा।** प्रार्थी केशव करियारे निवासी सारागांव जो कोटाडबरी से दिनांक 15/12/24 को रात्रि समय करीबन 7.45 बजे मोटर सायकल से अपने घर सारागांव जा रहा था कि रास्ते में ग्राम कमरीद मेन रोड पिलारी नहर के पास करीबन 8.30 बजे रात्रि तीन अज्ञात आरोपियों के द्वारा उसे रास्ता रोककर उसे जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट कर बैग में रखे नगदी 50,000/ रुपया को लूटकर भाग गए की रिपोर्ट पर थाना सारागाव में अपराध क्रमांक 215/24 धारा 126 (2), 206, 351(3), 309(6), 3(5) BNS का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए विवेक शुक्ला पुलिस अधीक्षक जांजगीर चांपा के मार्गदर्शन में आरोपियों की पतासाजी हेतु तत्काल टीम गठित किया था। गठित टीमों के द्वारा अति पुलिस अधीक्षक जांजगीर उमेश कुमार कश्यप के कुशल मार्गदर्शन में अज्ञात आरोपियों की पतासाजी की जा रही थी इसी क्रम में मुखबिर सूचना के आधार पर आरोपी दीपक कुमार कश्यप उर्फ पिन्टू निवासी गौद थाना जांजगीर को पकड़ा जिसको हिरासत में लेकर DSP श्रीमति कविता ठाकुर के नेतृत्व में आरोपी को साइबर सेल टीम द्वारा घटना के संबंध में पूछताछ कर मेमोरंडम कथन लिया गया जो बताये कि दिनांक 15/12/2024 के रात्रि करीबन 8.30 बजे अपने दोस्त के मोटर सायकल से चांपा से कमरीद पहुंचे सुनसान जगह मेन रोड में एक मोटर सायकल चालक को रास्ता रोककर गाली-गलौच कर जान से मारने कि धमकी देते हुए मारपीट कर बैग में रखे 50,000/ रुपया को लूट करना हिस्से में 15 हजार रुपए मिलना जिसमें से 12000/- रुपया को खा-पीकर खर्च करना, शेष 3000/रु होना बताया जिसे बरामद किया तथा घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल डिस्कवर को भी बरामद किया गया है।




प्रकरण की विवेचना दौरान आरोपी दीपक कुमार उर्फ पिंटू कश्यप निवासी गौद थाना जांजगीर के विरुद्ध अपराध धारा सदर का सबूत पाए जाने से विधिवत गिरफ्तार कर दिनांक 22.12.2024 को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। घटना में शामिल दो अन्य आरोपी फरार है जिसकी लगातार पातासाजी जारी है मिलने पर शीघ्र गिरफ्तारी कार्यवाही की जाएगी।

उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक सावन सारथी थाना प्रभारी सारागांव, साइबर सेल प्रभारी उप निरीक्षक पारस पटेल, सहायक उप निरीक्षक विवेक सिंह सायबर सेल, ASI राजेश सिंह थाना सारागांव, प्रधानआर. मनोज तिग्गा, प्रधान आरक्षक विवेक सिंह, आरक्षक गिरीश कश्यप प्रदीप दुबे, मोहम्मद शाहबाज, अर्जुन यादव, रोहित कहरा तथा थाना सारागांव स्टाफ का सहयोग रहा।

## रात में रोड पर खड़े ट्रेलर से 200 लीटर डीजल चोरी

**तुस्मा।** ग्राम पंचायत तुस्मा के मेट्रो टॉकीज के पास में खड़े केरा रोड में खड़े ट्रेलर से अज्ञात चोरों ने 200 लीटर डीजल को चोरी की है। इस मार्ग में लगातार वाहनों से डीजल चोरी होने घटना सामने आ रही है। बीते दिनों एक ट्रेलर सीजी 10 बीएच7927 वाहन चालक ने वाहन को रोड किनारे पार्क किया था। तभी रात के समय कार में चार पांच लोग सवार होकर आए और डीजल की चोरी कर ली।

# ध्यान करने से जीवन में आएगा बदलाव:शशि



**अकलतरा।** विश्व ध्यान दिवस पर ग्राम कोटमीसोनार में स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी केंद्र व मधुवा के गुरुकुल डिफेंस एकेडमी में 80 युवाओं को ध्यान राजयोग का एक घंटे का अभ्यास कराया गया।

राजयोग शिक्षिका ब्रह्माकुमारी शशिप्रभा ने कहा कि ध्यान भारत की प्राचीन विधा है, जिसे पूरा विश्व अपना रहा है। पिछले वर्ष संयुक्त राष्ट्र ने 21 दिसंबर को विश्व ध्यान दिवस घोषित किया। ध्यान हमारे मन और तन दोनों को स्वास्थ्य प्रदान करता है। स्वस्थ मन द्वारा ही स्वस्थ तन और सफल जीवन बनाया जा सकता है। युवा पीढ़ी को सफल और स्वस्थ जीवन जीने के लिए ध्यान को अपने जीवन में शामिल करना जरूरी है। राजयोग मन बुद्धि को एकाग्र कर लक्ष्य प्राप्त करने में बहुत मदद करता है। उन्होंने कहा कि आंतरिक शांति और वैश्विक सद्भाव के लिए सभी को ध्यान को अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा बना लेना चाहिए, क्योंकि ध्यान अर्थात एकाग्रता जागृति जब तक हम अपने लक्ष्य पर एकाग्र नहीं होंगे। अपनी मंजिल तक नहीं पहुंच सकते। अपने अंदर के आंतरिक शक्तियों व गुणों को ज्ञान के माध्यम से पहचान कर स्वयं को मूल्यवान और सशक्त बनाया जाता है।

राजयोग सहज योग है। इसमें शरीर को किसी प्रकार का कोई कष्ट नहीं दिया जाता। सिर्फ अपने को आत्मा समझ एकाग्रचित हो परमात्मा को याद करना है। मात्र यही एक अभ्यास जीवन में आंतरिक शांति और वैश्विक सद्भाव की भावना भर देता है। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के सभी सेवा केन्द्रों में इस अवसर पर विशेष योग का आयोजन किया गया।

## कोहरे की घेराबंदी से 50 मीटर दूर दिखाई देना हो गया बंद

**अंबिकापुर।** मौसम में हो रहे उतार-चढ़ाव के बीच रविवार की सुबह शहर सहित जिले में कोहरे की ऐसी घेराबंदी देखी गई कि सुबह पास की चीजे दिखाई देनी बंद हो गई। इससे सड़कों पर वाहनों की रफ्तार कम हो गई और दिन चढ़ते तक पूरे वातावरण में धुंध छाया रहा। सुबह 9 बजे तक विजिबिलिटी 50 मीटर तक रही। इसके बाद धीरे-धीरे मौसम साफ होना शुरू हुआ। 10 बजे के बाद कोहरा छंटा लेकिन वातावरण में धुंध छाया रहा। इस बीच रविवार को शहर का न्यूनतम तापमान 12.4 डिग्री दर्ज किया गया। दिन में हल्के बादल छाए रहने से तापमान 26 डिग्री दर्ज किया गया।

## फिटर की मौत, एमएसपी स्टील की रोलिंग मिल को कराया बंद

**रायगढ़।** एमएसपी स्टील एंड पावर लिमिटेड जामगांव में बीते दिनों हुए हादसे में एक फिटर के मृत्यु के बाद औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विभाग ने प्लांट की जांच की। इसमें मजदूरों की सुरक्षा को लेकर इंतजाम में खामियां मिली। ऐसे में श्रमिकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कारखाने के रोलिंग मिल के संचालन को प्रतिबंधित कर दिया है। उप संचालक औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा मनीष श्रीवास्तव ने बताया कि कारखाने के रोलिंग मिल(टीएमटी मिल) को निर्माण प्रक्रिया संचालित करने के लिए प्रतिबंधात्मक किया गया है। यह आदेश तब जक जारी रहेगा, जब तक कि रिपीटर से मिस रोल होने वाले मटेरियल के मूवमेंट पर नियंत्रण के लिए समुचित व्यवस्था सुनिश्चित नहीं कर ली जाती है। रोलिंग मिल के चालू होने की स्थिति में स्टैण्ड के समीप श्रमिकों के नियोजन को प्रतिबंधित नहीं कर दिया जाता है। रोलिंग मिल में विभिन्न कार्यों के लिए एक स्टैण्डर्ड आपरेटिंग प्रो?सजर निर्धारित नहीं कर लिया जाता है। इसका प्रशिक्षण रोलिंग मिल में कार्यरत सभी श्रमिकों को देना होगा।

## बारिश ने बढ़ाई ठिठुरन

**बिलासपुर।** पश्चिमी विक्षोभ के चलते शनिवार की रात जहां बारिश हुई। वहीं, रविवार को दिन में ठंड बढ़ गई। आसमान में छाए बादलों की वजह से तापमान 28.6 डिग्री से गिरकर 24 डिग्री सेल्सियस पर आ गया, जबकि रात में ठंड गायब रही और तापमान 19 डिग्री रहा। मौसम विभाग के अनुसार आज सोमवार से आसमान साफ हो गया जिसके प्रभाव से ठंड में बढ़ोतरी संभव है।

## वेटनरी डॉक्टर अनियंत्रित होकर बाइक से गिरा, मौत

**रायगढ़।** बाइक से गिरकर वेटनरी हॉस्पिटल के डॉक्टर गंभीर रूप से घायल हो गए। इसे इलाज के लिए प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती कराया। वहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। जानकारी अनुसार धरमजयगढ़ निवासी अरुण पैकरा(32) कापू क्षेत्र के विजयपुर में वेटनरी डॉक्टर के रूप कार्यरत थे। 15 दिसंबर को विभाग के शासकीय काम के लिए धरमजयगढ़ आए थे। जहां से दोपहर 2 बजे वापस जा रहे थे। जहां बाइक मोड़ने के दौरान अचानक बाइक सहित गिर गए। हादसे में उसके सिर पर गंभीर चोट लगी थी। उसे धरमजयगढ़ हॉस्पिटल से रायगढ़ रेफर किया गया था। शहर के निजी हॉस्पिटल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

# तीन हादसों में गई 7 की जान:अंबिकापुर में माता-पिता व बेटे, धमतरी में दो



**अंबिकापुर।** प्रदेश में तीन अलग-अलग सड़क हादसे में 7 लोगों की मौत हो गई। अंबिकापुर के रघुनाथपुर में तेज रफ्तार बोलेरो की टक्कर से बाइक सवार दंपती और उसके बच्चे, धमतरी में ट्रक की चपेट में आकर कार सवार दो भाई और बलौदाबाजार में अज्ञात वाहन की टक्कर से दंपती क मौत हो गई। तीनों मामले में परिवार के ही सदस्यों की मौत हुई है।

अंबिकापुर से सटे रघुनाथपुर बस स्टैंड के पास शनिवार की रात करीब 11 बजे कोहरा होने के कारण एक तेज रफ्तार बोलेरो चालक ने बाइक सवार दंपती और उसके बच्चे को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दंपती की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं उनके बेटे ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। बोलेरो का चालक शराब के नशे में धुत था और वाहन कितनी रफ्तार में है, यह उसके समझ नहीं आया।

नतीजा, चालक ने वाहन पर से अपना नियंत्रण खो दिया और आमने-सामने की टक्कर मार दी। घटना के बाद पुलिस ने वाहन चालक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने बताया कि अंबिकापुर इलाके का रहने वाला राजेश उर्फ घुण्डू खेस्स अपनी पत्नि ईश्वरी और लड़के शुभम खेस को लेकर सिलसिला बनखेतापारा से अम्बिकापुर के ग्राम सिलसिला अपने घर लौट रहा था।

इधर, शराब के नशे में बोलेरो क्रामांक सीजी 13 यूजी 4617 का चालक दुधेश्वर बरगाह घुनाथपुर बस स्टैण्ड ग्रामीण बैंक के सामने रघुनाथपुर से अम्बिकापुर की ओर जा रहा था। बोलेरो की रफ्तार अधिक होने और शराब पीने के साथ रात को अधिक कोहरा होने के कारण चालक को कुछ समझ में नहीं आया और उसने बाइक सवार दंपती को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार टक्कर के बाद 20-20 मीटर दूर जा गिरे।

हादसे के बाद बाइक के परखच्चे उड़ गए। टक्कर का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि बाइक तीन टुकड़ों में बट गई। वहीं उछलकर 20 मीटर दूर गिरने से दंपती के सिर सहित शरीर के दूसरे हिस्सों में गंभीर चोटें आईं और करीब 5 मिनट बाद ही दोनों ने दम तोड़ दिया।

**चलते ट्रक के पीछे घुसी कार, स्टीयरिंग में फंसे रहे दोनों युवक**

धमतरी-भखारा स्टेट हाईवे में कोलियारी के पास कार अनियंत्रित होकर चलते ट्रक के पीछे घुस गई। घंटेभर स्टीयरिंग में दोनों युवक फंसे रहे। पुलिसकर्मियों, स्थानीय युवा और एंबुलेंस कर्मचारियों ने दोनों की लाश बाहर निकाली। इसके पहले दोनों को स्टीयरिंग से निकालने कार के कई पार्ट्स दूसरे वाहनों की मदद लेकर तोड़े।

चकनाचूर हुए इंजन को खींचा गया भखारा टीआई लेखराम ठाकुर ने बताया कि 21-22 दिसंबर की दरम्यानी रात 3 बजे रायपुर की ओर से ट्रक सीजी 13 एजी-7236 भखारा की ओर आ रहा था। उसके पीछे कार सीजी 04 एचबी-4953 चल रही थी। भखारा में घुसते ही कोलियारी मोड़ के पास कार अनियंत्रित होकर ट्रक में घुस गई। हादसा इतना जबरदस्त था कि ट्रक के नीचे कार का बड़ा हिस्सा घुस गया। इससे बोरझरा (हंचलपुर) निवासी धनराज साहू (22) और लीकेश उर्फ लक्की (17) स्टीयरिंग में बुरी तरह फंस गए और उनकी मौत हो गई।

**अज्ञात वाहन ने दंपती को लिया चपेट में**

बलौदाबाजार जिला मुख्यालय से सटे पनगांव गांव के पास अज्ञात वाहन ने बाइक पर सवार अशोक साहू (35) और उनकी पत्नी पुष्पा देवी साहू (40) को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, मृतक दंपती जांजगीर-चांपा जिले के शिवरीनारायण के निवासी थे।

हादसे के वक्त वे रायपुर से सलखन जा रहे थे। पनगांव के पास अज्ञात वाहन ने उन्हें चपेट में ले लिया और घटना के बाद मौके से फरार हो गया। राहगीरों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने फरार वाहन का सुराग जुटाने का प्रयास कर रही है।

## अनमोल वचन......

समय किसी को बताकर अच्छा या बुरा नहीं करता बस उस वक्त उससे लड़ने की ऊर्जा अपने अंदर रखो ।

## विपक्ष की यह आलोचना जायज है

*इतने बड़े स्तर पर गहराते जा रहे शक को कौन दूर करेगा। आयोग ने भी कभी आत्म-निरीक्षण करने की जरूरत महसूस नहीं की है। क्या उसके आचरण भी संदेह का कारण हैं। इन प्रश्नों पर उसे गंभीरता से सोचने की जरूरत है। भारतीय निर्वाचन आयोग ने महाराष्ट्र के विपक्षी गठबंधन की चुनाव गड़बड़ी संबंधी शिकायतों को सिरे से खारिज कर दिया है। आयोग का यह जवाब अपेक्षित ही था। आयोग के मुताबिक उसे राज्य के 36 जिला अधिकारियों से रिपोर्ट मिल चुकी हैं। इनके मुताबिक सभी 288 सीटों पर ईवीएम वोटों और वीवीपैट में दर्ज मतों का मिलान करने पर उनमें कोई विसंगति नहीं मिली। आयोग की बातें सच हैं या नहीं, यहां असल मुद्दा यह नहीं है। विपक्ष की यह आलोचना जायज है कि ईवीएम में गड़बड़ी या चुनाव प्रक्रिया के दूषित होने का सवाल वह तभी उठाता है, जब उसकी हार हो जाती है। जहां विपक्षी दल जीत जाते हैं, वहां वे नतीजे को बिना किसी एतराज के गले लगा लेते हैं।*

*साथ ही संगठन, चुनाव अभियान, एवं मतदाताओं का भरोसा जीतने में रह गई अपनी कमियों का कभी ठोस आकलन वे नहीं करते। इसके बावजूद मसला यह है कि भारत की चुनाव प्रक्रिया को लेकर संबंधित हितधारकों के एक बड़े हिस्से में संदेह पैदा हो चुका है। इन हितधारकों में विपक्ष भी है, सिविल सोसायटी, और आम जन का एक बड़ा हिस्सा भी। यह किसी रूप में भारतीय लोकतंत्र के लिए अच्छी बात नहीं है। मुद्दा है कि इतने बड़े तबके के बीच में गहराते जा रहे शक को कौन दूर करेगा? क्या इसकी प्राथमिक जिम्मेदारी निर्वाचन आयोग की नहीं है। मुश्किल यह है कि आयोग ने भी कभी आत्म-निरीक्षण करने की जरूरत महसूस नहीं की। क्या उसके आचरण भी संदेह का कारण हैं। इन प्रश्नों पर उसे गंभीरता से सोचने की जरूरत है। सत्ता पक्ष के लिए यह अहम सवाल है कि निर्वाचन आयोग के गठन की प्रक्रिया अगर सुप्रीम कोर्ट ने तय कर दी थी, तो उसने संसदीय विधेयक के जरिए उसे क्यों बदला। ऐसे पहलू समाज के किसी हिस्से में अविश्वास का कारण बने हों, तो क्या उसे अतार्किक कहा जाएगा। इन प्रश्नों पर सिर्फ एकतरफा बयान देने से बात नहीं बनेगी। जरूरत इस बात की है कि निर्वाचन आयोग इस पूरे प्रकरण पर सभी हितधारकों के साथ विस्तृत संवाद की शुरुआत करे। तभी पूरे देश में विश्वास का माहौल बनेगा।*

## राशिफल

**मेष राशि :** आज दिन की शुरुआत अच्छी रहेगी। घर में खुशी का माहौल बनेगा, आप परिवार वालों के साथ धार्मिक कार्यों में मन लगाएंगे। आज अपनी कार्य क्षमता पर विश्वास बनाकर रखेंगे। ऑफिस और व्यवसाय में टीम वर्क बनाकर काम करने से व्यवस्था उत्तम बनी रहेगी। आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिस्थितियां बना रहा है। आज जरूरतमंद और बुजुर्गों की सेवा व देखभाल में भी आपकी विशेष रुचि रहेगी।

**वृष राशि :** आज का दिन अच्छा रहने वाला है। आज कार्य क्षेत्र में किसी भी नई योजना पर काम करने के लिए थोड़ा समय देंगे। आज मनोवांछित फल पाने के लिए ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। आज आप जीवनसाथी के साथ मिलकर घर की जिम्मेदारियों को बखूबी निभाने में सक्षम रहेंगे।

**मिथुन राशिः** आज आपका दिन ठीक रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में रुका हुआ काम बहुत ही अच्छी तरह और आसानी से पूरा हो जाएगा। आज आपका समय किसी राजनीतिक गतिविधियों में बीतेगा और प्रभावशाली लोगों के साथ आपके रिश्ते मजबूत होंगे। इस राशि के स्टूडेंट को अपनी मेहनत के उचित परिणाम हासिल होने के योग बन रहे हैं। पारिवारिक मुद्दों पर फैसले लेने के लिए दिन अच्छा है।

**कर्क राशि :** आज का दिन बहुत ही बढ़िया रहने वाला है। आज आय के साधन बढ़ेंगे परंतु साथ ही खर्चों में भी बढ़ोतरी होगी। कार्यस्थल पर आपके द्वारा लिए गए निर्णय सकारात्मक रहेंगे। आज घर के किसी महत्वपूर्ण मामले पर परिवारजनों के साथ योजना बनेंगी। ऑफिस के सभी लोग आपके व्यवहार से खुश रहेंगे, बॉस आपकी परफॉरमेंस देखकर आपकी तारीफ करेंगे।

**सिंह राशि :** आज का दिन शानदार रहने वाला है। आज कार्य स्थल पर अपने सहयोगियों और कर्मचारियों के साथ अच्छा व्यवहार रखें। फालतू गतिविधियों में समय ना खराब करें। ऑफिस के किसी काम में छोटी सी लापरवाही की वजह से आपको वो काम दोबारा करना पड़ सकता है। आज आपके स्वभाव में गंभीरता रहेगी, परिवार के प्रति अपने दायित्व को समझेंगे।

**कन्या राशि :** आज का दिन अनुकूल रहने वाला है। आज आलस्य छोड़कर पूरी ऊर्जा व आत्मविश्वास से अपने काम के प्रति समर्पित रहेंगे। समय आपके लिए नई उपलब्धियां बना रहा है। आपकी आय के स्त्रोत भी बढ़ेंगे। आज बच्चों की समस्याओं का समाधान निकालने के लिए उनके साथ कुछ समय बितायेंगे।

**तुला राशि :** आज का दिन बहुत ही बढ़िया रहने वाला है। आज आर्थिक पक्ष को मजबूत बनाने हेतु कुछ महत्वपूर्ण योजनाएं बनेंगी। आज दिन भर घर की व्यवस्था और सुधार संबंधी कामों में व्यस्तता रहेगी। बच्चों के साथ आज आप कहीं घूमने जाएंगे, उनमें खुशी और आत्म बल बढ़ेगा।

**वृश्चिक राशि :** आज का दिन उत्तम रहने वाला है। आज अपने लिए कुछ ख़ास करने वाले है। आज ज्यादातर शुरू किये हुए कार्यों को पूरा कर लेंगे। आज आप अपने रहन-सहन में बदलाव करने की सोचेंगे जिसमें आपको फायदा होगा। इस राशि के जो लोग राजनीति से जुड़े हैं आज समाज में उनकी काफी प्रशंसा होगी।

**धनु राशि :** आज का दिन आपके लिए बहुत महत्वपूर्ण है। आज आपको किसी मानसिक उलझन से छुटकारा मिलेगा। इच्छित कार्य समय पर पूरा होने से मन प्रसन्न रहेगा। आज जीवन में सब कुछ होते हुए भी कुछ खालीपन सा महसूस होगा। अपने ऊपर नकारात्मकता न हावी होने दें और स्वयं को व्यस्त रखें।

**मकर राशि :** आज का दिन उत्तम रहने वाला है। आज परिवार में किसी सदस्य की उपलब्धि से घर में खुशनुमा वातावरण रहेगा। डिनर और मनोरंजन से संबंधित कोई प्रोग्राम भी बन सकता है। आज थोड़ी-सी कोशिश से आप ऊंचे पद पर पहुंच सकते हैं। इस राशि के जो लोग सूचना प्रसारण क्षेत्र से जुड़े हुए हैं आज उन्हें किसी बड़ी संस्था में काम करने का अवसर मिल सकता है। आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा।

**कुंभ राशि :** आज का दिन ठीक ठाक रहने वाला है। आज आपकी किसी अनजान व्यक्ति से मुलाकात हो सकती है जो कि आपके लिए लाभदायक साबित होगी। आज संतान की तरफ से शुभ समाचार मिलने से मन प्रसन्न रहेगा। आज आलस को अपने ऊपर हावी नहीं होने दे, साथ ही अपने काम पर अधिक ध्यान दें।

**मीन राशि :** आज का दिन मिला-जुला रहने वाला है। आज किसी रिश्तेदार की समस्या हल करने में आपकी विशेष भूमिका रहेगी। इससे आपकी छवि और व्यक्तित्व में और निखार आएगा। घर की जरूरत संबंधी आवश्यकताओं को लेकर मार्केटिंग में भी समय बीत सकता है। ऑफिस के सहकर्मी के साथ किसी बात को लेकर विचार-विमर्श हो सकता है।

# ईवीएम मुद्दे पर कांग्रेस को पंक्चर करने का प्रयास

//अजीत द्विवेदी//

**संसद का शीतकालीन सत्र कई मायने में बहुत दिलचस्प राजनीतिक घटनाक्रम वाला रहा है। इस सत्र में जो विधायी कामकाज हुए या दोनों सदनों में संविधान पर जो चर्चा हुई वह अपनी जगह है लेकिन जो राजनीति हुई वह ज्यादा दिलचस्प रही। यह पहली बार हुआ कि पूरे सत्र में कांग्रेस सत्ता पक्ष के साथ साथ विपक्ष की पार्टियों के निशाने पर भी रही। कांग्रेस को अलग थलग करने का प्रयास भाजपा की ओर से हो रहा था तो साथ साथ विपक्षी गठबंधन की पार्टियों की ओर से भी हो रहा था।**

यह प्रयास इतना व्यवस्थित था कि शुरू में तो कांग्रेस भी नहीं भांप सकी कि जो हो रहा है वह एक डिजाइन के तहत हो रहा है।

लेकिन फिर कांग्रेस को समझ में आया लेकिन तब तक देर हो चुकी थी। एक महीने के सत्र में वह अपना एक भी एजेंडा सदन में ठीक से नहीं उठा सकी। सरकार से ज्यादा विपक्ष की पार्टियों ने कांग्रेस के एजेंडे को पंक्चर किया।

कांग्रेस का इस सत्र में सबसे बड़ा एजेंडा अडानी का था। सत्र से ठीक पहले अमेरिकी अदालत में गौतम अडानी और सागर अडानी सहित आठ लोगों के खिलाफ फ्रॉड और घूसखोरी के आरोप लगे थे और वारंट जारी होने की खबर आई थी।

इस लिहाज से यह विपक्ष के लिए बड़ा मौका था कि वह केंद्र सरकार को क्रोनी कैपिटलिज्म पर घेरे। कांग्रेस ने यही किया। उसने संसद ठप्प किया और संसद परिसर में प्रदर्शन भी किया।

लेकिन दो दिन के बाद ही ममता बनर्जी की पार्टी तृणमूल कांग्रेस ने अपने को कांग्रेस के प्रदर्शन से अलग कर लिया।

इतना ही नहीं तृणमूल कांग्रेस ने यह भी कह दिया कि वह अडानी के मसले पर संसद ठप्प करने के समर्थन में नहीं है। वह चाहती है कि दूसरे मुद्दों पर संसद में चर्चा हो।

हालांकि ऐसा नहीं है कि अडानी के अलावा दूसरे मुद्दे नहीं उठाए जा रहे थे। लेकिन तृणमूल कांग्रेस ने अपने राज्य के स्थानीय मुद्दे और मणिपुर का मुद्दा उठाने के नाम पर अपने को कांग्रेस से दूर किया।

तृणमूल के यह स्टैंड लेने के करीब एक हफ्ते बाद समाजवादी पार्टी ने भी यही स्टैंड ले लिया। सपा ने भी कह दिया कि वह अडानी के मसले पर कांग्रेस के साथ नहीं है। उसके लिए संभल की शाही मस्जिद के सर्वे के दौरान हुई हिंसा का मुद्दा ज्यादा बड़ा था।

जिस समय तृणमूल कांग्रेस और समाजवादी पार्टी ने अडानी मसले पर कांग्रेस को अलग थलग करने का अपना दांव चला उसी समय लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने अपनी जिद में कहा कि कांग्रेस अडानी का मुद्दा नहीं छोड़ने जा रही है।

उनको पता था कि यह मुद्दा सरकार को और भाजपा को सबसे ज्यादा तकलीफ दे रहा है। तभी उन्होंने साफ कर दिया कि संसद के शीतकालीन सत्र में कांग्रेस यह मुद्दा उठाती रहेगी।

उस समय तक संभवतः उन्होंने भी नहीं सोचा होगा कि इस मुद्दे की हवा निकालने के लिए तृणमूल कांग्रेस किस हद तक जाएगी।

तृणमूल कांग्रेस का अगला कदम था, सीधे कांग्रेस के नेतृत्व को चुनौती देना और विपक्षी गठबंधन में उसकी ऑथोरिटी को कमजोर करना। इसके लिए सीधे ममता बनर्जी मैदान में उतरीं।

पहले कल्याण बनर्जी या काकोली घोष दस्तीदार या दूसरे नेताओं के जरिए बयानबाजी हो रही थी लेकिन कांग्रेस नेतृत्व को चुनौती देने की बात आई तो खुद ममता बनर्जी ने कहा कि उन्होंने इंडिया' ब्लॉक का गठन किया था मौका मिले तो वे इसका नेतृत्व करना चाहेंगी।

इसके बाद तो पंडोरा बॉक्स खुल गया। ऐसा लगा, जैसे पार्टियां कांग्रेस से भरी बैठी हैं। एक के बाद एक नेताओं ने कांग्रेस से नेतृत्व छीन कर ममता बनर्जी को देने की मांग शुरू कर दी।

संजय राउत से लेकर शरद पवार और रामगोपाल यादव से लेकर लालू यादव तक सब ममता की जयकार करने लगे।रामगोपाल यादव ने कहा कि राहुल विपक्षी गठबंधन के नेता नहीं हैं तो लालू यादव ने कहा कि कांग्रेस के विरोध की परवाह किए बगैर ममता को नेता बनाना चाहिए।

इसके बाद मीडिया में कथित राजनीतिक विश्लेषकों द्वारा बताया जाने लगा कि ममता बनर्जी को विपक्ष का नेता बनाने के क्या क्या फायदे इंडिया' ब्लॉक को मिल सकते हैं।

जब राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी पर इससे भी फर्क नहीं पड़ा और वे अडानी का मुद्दा उठाते रहे तब ईवीएम के मुद्दे पर कांग्रेस को पंक्चर करने का प्रयास शुरू हुआ।

नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता और जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा कि कांग्रेस ईवीएम का रोना बंद करे।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस जब चुनाव जीत जाती है तो जश्न मनाती है और हारने पर ईवीएम को दोष देती है।

इसके तुरंत बाद ईडी और सीबीआई की जांच में फंसे ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी ने कांग्रेस के ईवीएम विरोध को खारिज करते हुए कहा कि कांग्रेस सबूत पेश करे कि कैसे ईवीएम हैक किया जाता है।

अडानी के बाद ईवीएम दूसरा मुद्दा था, जिस पर कांग्रेस ने केंद्र सरकार के विरोध का पूरा नैरेटिव बनाया था। लेकिन भाजपा के साथ साथ विपक्ष की पार्टियों ने ही इन दोनों मुद्दों को पंक्चर करने का प्रयास किया। सवाल है कि विपक्षी पार्टियों ने कांग्रेस को अलग थलग करने का यह जो प्रयास संसद सत्र में किया उससे कांग्रेस कमजोर हुई, बैकफुट पर गई, अलग थलग हुई या विपक्ष की चुनिंदा पार्टियों की पोल खुली।

क्या इससे ममता बनर्जी और अखिलेश यादव ज्यादा एक्सपोज नहीं हुए हैं। क्या इन दोनों को अंदाजा है कि इनको लेकर क्या नैरेटिव बन रहा है। सहज रूप से यह धारणा बनी है कि देश के सबसे अमीर कारोबारी गौतम अडानी ने चाहे जिस तरह से हो इन दोनों नेताओं को अपना बना लिया है।यह भी कहा और माना जा रहा है कि विपक्ष की ज्यादातर पार्टियां अडानी मसले पर राहुल के अभियान से इसलिए असहज हैं क्योंकि उनको किसी न किसी तरह का लालच है या भय है। किसको लालच है और किसको भय है, यह अलग चर्चा का विषय है लेकिन हकीकत है कि कांग्रेस को अलग थलग करने के चक्कर में ममता बनर्जी और अखिलेश यादव के साथ साथ विपक्ष की कई पार्टियों ने अपने को एक्सपोज कर लिया है।

असल में इन पार्टियों ने एक तीर से दो शिकार करने का प्रयास किया। उनको लगा कि कांग्रेस के एजेंडे को पंक्चर करेंगे तो सरदार खुश होगा, शाबाशी देगा और दूसरे, कांग्रेस को भी अलग थलग कर देंगे तो विपक्षी गठबंधन के नेतृत्व की राह निष्कंटक बनेगी।

साथ ही वोट की राजनीति में भी कांग्रेस की ओर से पैदा की जा रही चुनौती खत्म होगी। पता नहीं यह लक्ष्य कितना पूरा हुआ लेकिन यह जरूर हुआ कि इन नेताओं ने अपनी जो छवि लड़ने वाले और क्रांतिकारी नेता की बनाई थी वह अब पूंजी के सामने झुकने और सत्ता की ताकत से दबने वाले नेता की हो गई है।कहने को ये पार्टियां अब भी केंद्र सरकार और भाजपा के खिलाफ बयानबाजी करेंगी लेकिन उनका कोई खास मतलब नहीं होगा। उसे नूरा कुश्ती ही माना जाएगा।

# संसद की कार्य उत्पादकता का लगातार कम होना संसदीय प्रणाली को विफल कराने की साजिश है

//नीरज कुमार दुबे//

**बात सिर्फ विपक्ष के हंगामे की वजह से होने वाले व्यवधान की नहीं है, सरकार भी तब शर्मसार हो गयी जब एक देश एक चुनाव जैसा महत्वपूर्ण विधेयक पेश किये जाते समय मत विभाजन के दौरान सत्ता पक्ष के ही दो दर्जन सांसद अनुपस्थित थे।संसद का शीतकालीन सत्र सत्ता पक्ष और विपक्ष द्वारा एक दूसरे को अपनी अपनी ताकत दिखाने के बाद अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया। अडाणी मुद्दे को लेकर हंगामे के साथ शुरू हुआ संसद का सत्र अम्बेडकर मुद्दे पर हंगामे के साथ खत्म हुआ।**



सत्र के दौरान संविधान पर चर्चा जरूर हुई लेकिन संसदीय व्यवधान का नया रिकॉर्ड भी बना दिया गया। 20 दिनों के इस सत्र के रिपोर्ट कार्ड की बात करें तो आपको बता दें कि लोकसभा में कामकाज की उत्पादकता 57.87 प्रतिशत रही। लोकसभा इन 20 दिनों में चार विधेयक ही पारित कर पाई। राज्यसभा में तो 40.03 प्रतिशत ही कामकाज हो सका और पूरे सत्र में कुल दो विधेयक पारित हुए।बात सिर्फ विपक्ष के हंगामे की वजह से होने वाले व्यवधान की नहीं है, सरकार भी तब शर्मसार हो गयी जब एक देश एक चुनाव जैसा महत्वपूर्ण विधेयक पेश किये जाते समय मत विभाजन के दौरान सत्ता पक्ष के ही दो दर्जन सांसद अनुपस्थित थे। क्या ऐसे ही चलेगा हमारा संसदीय लोकतंत्र। क्या इसीलिए छह महीने पहले देश की 140 करोड़ जनता ने 543 प्रतिनिधियों को निर्वाचित करके भेजा था। हम 2047 तक भारत को विकसित बनाने की बात कर रहे हैं लेकिन संसद का महत्वपूर्ण समय और देश का कीमती धन बर्बाद कर रहे हैं। संसद के सत्र के दौरान भले सत्ता पक्ष और विपक्ष के अपने अपने राजनीतिक हित सध गये हों लेकिन देश की जनता का और संसद की छवि को तो नुकसान हो गया है। आखिर कैसे होगी इसकी भरपाई।

देखा जाये तो वर्तमान संसद का पहला सत्र भी हंगामेदार रहा था। इससे पिछली लोकसभा के भी लगभग सभी सत्र हंगामेदार रहे थे। पिछले कुछ सत्रों की कार्य उत्पादकता पर गौर करें तो जो आंकड़े सामने आते हैं वह चिंताजनक स्थिति को दर्शाते हैं। सत्र की कार्य उत्पादकता का 45त्न, 35 प्रतिशत और 24 प्रतिशत के आसपास रहने से हमारी संसदीय प्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े होते हो रहे हैं। सदन में जो कामकाज होता है वो भी हंगामे के बीच होता है यानि शोरशराबे के बीच क्या नए कानून बन गए यह देश को पता ही नहीं चल पाता। साथ ही संसद के कामकाज का प्रतिशत लगातार कम होते जाने से एक सवाल और खड़ा होता है कि कौन हैं वो लोग जो हमारी संसद को विफल दर्शाना चाहते हैं। कहीं हमारी संसदीय प्रणाली को विफल कराने के लिए कोई साजिश तो नहीं की जा रही है। विपक्ष लोकतंत्र बचाओ और संविधान बचाओ का आह्वान तो कर रहा है लेकिन लोकतांत्रिक प्रणाली वाले देश भारत में जनता के जनादेश पर निर्णय लेने वाला जो सर्वोच्च सदन है उसको चलने नहीं देता। देखा जाये तो अब बात सिर्फ संसद के कीमती समय, देश की उम्मीदों और सरकारी खजाने से धन की बर्बादी की ही नहीं है, बात अब यह भी है कि यदि संसद में भी जनता की आवाज नहीं सुनी जायेगी तो कहां सुनी जायेगी। वक्त आ गया है कि संसद में सदन के संचालन संबंधी नियमों को कठोर बनाया जाये। वक्त आ गया है कि सदन की कार्यवाही में बाधा डालने वाले सदस्यों के खिलाफ सख्त कदम उठाये जायें। बहरहाल, पिछले वर्ष संसदीय व्यवधान पर 'पीड़ा' व्यक्त करते हुए उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने 'लोकतंत्र के मंदिर' में ऐसे आचरण के विरुद्ध माहौल और जनमत तैयार करने के लिए जनांदोलन चलाने का जो आह्वान किया था वह आज के समय की सबसे बड़ी जरूरत है। संसद के कामकाज में लगातार व्यवधानों के चलते कीमती समय तो बर्बाद होता ही है साथ ही महत्वपूर्ण मुद्दों पर जवाब देने से सरकार को भी बचने का अवसर मिल जाता है। इसलिए उपराष्ट्रपति की ओर से किये गये आह्वान से देश की जनता को जुड़ना चाहिए और जनप्रतिनिधियों को यह अहसास कराना चाहिए कि सदन चर्चा के लिए बने हैं ना कि हंगामे और अपने राजनीतिक हित साधने के लिए।

## बहुउद्देशीय पैक्स- ग्रामीण अर्थव्यवस्था के बदलाव का कारक

भारत में लगभग 2,70,000 ग्राम पंचायतें हैं, फिर भी इनमें से कई स्थानीय निकाय प्राथमिक कृषि ऋण समितियों, डेयरी और मत्स्य सहकारी समितियों से वंचित हैं। ऋण, आवश्यक सामग्री, बाजार और रोजगार प्रदान करने में इन प्राथमिक-स्तर की सहकारी समितियों की महत्वपूर्ण भूमिका को पहचानते हुए, मोदी सरकार ने अब तक सरकारी संस्थाओं से वंचित ग्राम पंचायतों में नई बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि सहकारी समिति, यानि, बहुउद्देशीय पैक्स , और डेयरी और मत्स्य सहकारी समितियां स्थापित करने की योजना लेकर आयी है । प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी के 'सहकार से समृद्धि' के दृष्टिकोण के अनुसार, बहुउद्देशीय पैक्स ग्रामीण क्षेत्रों में विकास की आधारशिला बन जाएगी, जिसका लक्ष्य प्रत्येक गांव में कम से कम एक ऋण, डेयरी, या मत्स्य सहकारी समिति होना है। यह पहल डेयरी, मत्स्य पालन, अन्य क्षेत्रों में ऋण पहुंच और व्यावसायिक अवसरों को बढ़ाने पर केंद्रित है । देश के हर गांव और पंचायत को कवर करने के लिए 2 लाख नई बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि सहकारी समितियां स्थापित करने की योजना केंद्रीय गृह मंत्री और सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह के मार्गदर्शन में जारी है और यह पहल ग्रामीण समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए सहकारिता मंत्रालय की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इस योजना को दो आयामी कार्ययोजना के साथ लागू किया जा रहा है; इस योजना के सफल क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह द्वारा एक मार्गदर्शिका का शुभारंभ किया गया है । इस पुस्तिका में मानक प्रक्रियाओं, लक्ष्यों, समयसीमाओं, विशिष्ट भूमिकाओं और जिम्मेदारियों और एक निगरानी तंत्र की रूपरेखाएं दी गई हैं। बहुद्देशीय पैक्स के लिए दिशानिर्देशों ने राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों दोनों को योजना को संरचित तरीके से निष्पादित करने में सक्षम बनाया है । बहुद्देशीय पैक्स के गठन में नाबार्ड, एनडीडीबी और एनएफडीबी जैसे भागीदार सक्रिय रूप से शामिल हैं। इस पहल का एक महत्वपूर्ण पहलू डेयरी प्रसंस्करण और अवसंरचना कोष, राष्ट्रीय डेयरी विकास कार्यक्रम और प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना सहित भारत सरकार की योजनाओं का अभिसरण है। राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा योजना का प्रभावी क्रियान्वयन एक निर्दिष्ट समय सीमा के भीतर संतुलित विकास की सुविधा प्रदान कर रहा है।

## तस्वीरों की दुनिया



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कुवैत में अरब खाड़ी फुटबॉल कप के उद्घाटन समारोह में फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो के साथ।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को कुवैत के बयान पैलेस में औपचारिक गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया. कुवैत के अमीर शेख मेशाल अल-अहमद अल-जबर अल-सबा भी उपस्थित हैं।



मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने अपने सरकारी आवास समानता भवन में कृषि विभाग के प्रदर्शन की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की।



दिल्ली देहात विकास मंच के किसान नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर दिल्ली बचाओ बैनर तले विरोध प्रदर्शन करते हुए।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को कुवैत के अमीर शेख मेशाल अल-अहमद अल-जबर अल-सबाह द्वारा कुवैत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान मुबारक अल-कबीर ऑर्डर से सम्मानित किया गया।




पटना में सनातन धर्म संरक्षण कानून लागू करने की मांग को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाजपा पार्टी कार्यालय के सामने प्रदर्शन किया।



बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के कथित अपमानजनक बयान के खिलाफ कार्यकर्ताओं ने पटना में विरोध मार्च निकाला और संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान की गई उनकी टिप्पणी के लिए माफी की मांग की।

# घर की चिमनी से भिड़ा विमान, फिर दुकान पर जा गिरा, अब तक 10 यात्रियों की मौत



ब्राजील, 23 दिसम्बर [एजेंसी]।

ब्राजील में रविवार को बड़ा विमान हादसा हुआ है। यह हादसा ग्रामाडो सेरा गौचा में हुआ है। जानकारी के मुताबिक एक छोटा विमान एक घर की चिमनी से टकराने के बाद एक इमारत की दूसरी मंजिल से जा भिड़ा और बाद में एक दुकान पर गिर गया। हादसे में अभी तक 10 लोगों की मौत की खबर है। जानकारी मुताबिक जमीन पर मौजूद कई लोगों को अस्पताल ले जाया गया है। रियो ग्रांडे डो सुल राज्य के गवर्नर एडुआर्डो लेइट ने एक्स पर लिखा कि ग्रामाडो शहर में हुए हादसे में कोई भी यात्री जीवित नहीं बचा। विमान में 9 यात्रियों को ले जाने की क्षमता थी।

रियो ग्रांडे डो सुल राज्य के सार्वजनिक सुरक्षा कार्यालय ने जानकारी दी है कि 15 लोगों को अस्पताल ले जाया गया। इनमें अधिकांश दुर्घटना की वजह से लगी आग और धुएं की चपेट में आए हैं। अभी तक यह साफ नहीं हो पाया है कि विमान में कितने लोग सवार थे। ब्राजील की नागरिक सुरक्षा एजेंसी के मुताबिक विमान एक घर की चिमनी से टकराया। इसके बाद एक इमारत की दूसरी मंजिल से जा भिड़ा। बाद में एक फर्नीचर दुकान के ऊपर जा गिरा। घटनास्थल पर राहत एवं बचाव कार्य जारी है। मलबे को हटाया जा रहा है। ग्रामाडो सेरा गौचा की पहचान एक पर्यटन केंद्र के तौर पर होती है। यह शहर पहाड़ों में बसा है। ब्राजील के पर्यटकों के बीच ग्रामाडो काफी लोकप्रिय है। ठंड के मौसम में यहां पर्यटकों का तांता लगता है। क्रिसमस से पहले यहां पर्यटकों की आमद शुरू हो गई है। इसी साल ग्रामाडो ने भीषण बाढ़ का भी सामना किया था। बाढ़ में दर्जनों लोगों ने अपनी जान गंवाई तो वहीं बुनियादी ढांचे को भी काफी नुकसान पहुंचा था। शनिवार की सुबह ब्राजील में मिनास गेरैस राज्य के लाजिन्हा शहर के पास एक यात्री बस और ट्रक के बीच हुई भीषण टक्कर में 35 लोगों की जान गई है।

## रूस और अमेरिका में दोस्ती! ट्रंप के राष्ट्रपति बनने से पहले पुतिन ने बढ़ा दी चीन की चिंता

**मॉस्को 23 दिसम्बर।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पदभार संभालने से कुछ हफ्ते पहले राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि रूस अमेरिका और अन्य पश्चिमी देशों के साथ संबंधों को सामान्य बनाने के लिए तैयार है, बशर्ते कि ऐसे प्रयासों से रूसी हितों से समझौता न हो।रूसी टीवी और रेडियो आउटलेट वीजीटीआरके के साथ एक साक्षात्कार में पुतिन ने कहा कि अगर इच्छा हो तो सब कुछ करना संभव है। हमने इस इच्छा को कभी नहीं छोड़ा है। रूसी समाचार एजेंसी टास की रिपोर्ट के अनुसार, पुतिन रूस और अमेरिका द्वारा अपने संबंधों को सामान्य बनाने की संभावना के बारे में एक सवाल का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय संबंधों में सब कुछ बदल जाता है और केवल हित ही अपरिवर्तित रहते हैं। पुतिन ने जोर देकर कहा कि अगर हम देखते हैं कि स्थिति इस तरह से बदलती है कि अन्य देशों के साथ संबंध बनाने के अवसर और संभावनाएं हैं, तो हम इसके लिए तैयार हैं। लेकिन यह रूसी संघ के हितों को नुकसान पहुचाए बिना होना चाहिए।

## चीन और पाकिस्तान की बढ़ती वायु शक्ति के बीच केंद्र का बड़ा फैसला

### एयर फोर्स के लिए हाई लेवल कमेटी गठित



नईदिल्ली, 23 दिसम्बर [एजेंसी]।

चीन और पाकिस्तान की बढ़ती वायु शक्ति और भारतीय वायु सेना के सामने लड़ाकू विमानों की कमी के बीच केंद्र सरकार ने वायुसेना की क्षमता बढ़ाने के लिए रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह के नेतृत्व में एक उच्चस्तरीय समिति का गठन किया है। रक्षा मंत्रालय ने स्वदेशी डिजाइन, विकास और अधिग्रहण परियोजनाओं के माध्यम से वायु सेना के समग्र क्षमता विकास पर नजर रखने के लिए यह निर्णय लिया है। अधिकारियों ने मीडिया को बताया कि पिछले महीने दिल्ली में वायुसेना कमांडरों के सम्मेलन के दौरान भारतीय वायुसेना द्वारा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के समक्ष विस्तृत प्रस्तुतियां दिए जाने के बाद समिति का गठन किया गया है। सम्मेलन के दौरान, रक्षा मंत्रालय के शीर्ष अधिकारियों को भविष्य के लड़ाकू विमानों की जरूरतों के साथ-साथ आने वाले समय में दोनों मोर्चों पर सामने आने वाले खतरे से निपटने के लिए सेना की क्षमता में कमी को पूरा करने की जरूरत के बारे में जानकारी दी गई। अधिकारियों ने कहा कि समिति में सचिव (रक्षा उत्पादन) संजीव कुमार, रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन के प्रमुख डॉ समीर वी कामत और वायुसेना के उप प्रमुख एयर मार्शल टी सिंह शामिल होंगे। समिति द्वारा अगले तीन माह के अंदर रक्षा मंत्री को सेना की आवश्यकताओं के विस्तृत आकलन के साथ अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने की उम्मीद है।

## अमेरिका ने लाल सागर में अपना ही फाइटर जेट मार गिराया, फिर कहा- गलती से हो गया



**दुबई।** लाल सागर में हाउती के संदेह में अमेरिकी सेना ने अपने ही लड़ाकू जेट विमान एफ/ए-18 को मार गिराया। घटना में दोनों पायलट बच गए। हालांकि एक को चोटें आई हैं। विमान ने यूएसएस हैरी एस. ट्रूमैन विमानवाहक पोत से उड़ान भरी थी। गाइडेड-मिसाइल क्रुजर यूएसएस गेटीसबर्ग ने गलती से जेट पर फायर कर दिया। यह पहली बार है जब हाउती विरोधी अभियानों के दौरान चालक दल वाले अमेरिकी विमान को मार गिराया गया। अमेरिकी सेना ने रविवार को कहा कि उस समय हाउती विद्रोहियों को निशाना बनाते हुए हमले किए गए थे, हालांकि सेना की सेंट्रल कमान ने यह नहीं बताया कि उनका मिशन क्या था। सेंट्रल कमान ने कहा गाइडेड मिसाइल क्रुजर यूएसएस गेटीसबर्ग, यूएसएस हैरी एस. ट्रूमैन कैरियर स्ट्राइक ग्रुप का ही हिस्सा है। यह फायर गलती से हो गया।

यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि गेटीसबर्ग कैसे गलती से एफ/ए-18 को दुश्मन का विमान या मिसाइल समझ सकता है, खासकर तब जब समूह के जहाज रडार और रेडियो संचार दोनों से जुड़े रहते हैं।हालांकि, सेंट्रल कमान ने कहा कि युद्धपोतों और विमानों ने पहले विद्रोहियों द्वारा लांच किए गए कई हाउती ड्रोन और एक एंटी-शिप क्रूज मिसाइल को मार गिराया था। अक्टूबर 2023 में गाजा में इजरायल-हमास युद्ध शुरू होने के बाद से हाउती ने लगभग 100 व्यापारिक जहाजों को मिसाइलों और ड्रोन से निशाना बनाया है।इधर, ताइवान को हथियारों की बिक्री और नई सहायता की घोषणाओं के बाद चीन ने रविवार को अमेरिका को चेतावनी देते हुए कहा है कि वह आग से खेल रहा है। इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने शनिवार को ताइवान के लिए 571 मिलियन डॉलर तक के प्रावधान को अधिकृत किया।

## कार में बैठकर परिवार ने खाया जहर, मां-बेटी की मौत

**नारनौल।** नारनौल जिले के मौहल्ला गुरूनानक पुरा नारनौल के एक ही परिवार के चार सदस्यों ने रविवार देर रात करीब सवा नौ बजे जहरीला पदार्थ (सल्फास) खा लिया। इस घटना में मां-बेटी की मौत हो गई, जबकि पिता और पुत्र गंभीर हालत में रोहतक रेफर कर दिए हैं।मृतक परिवार ने सुसाइड नोट लिखकर अपने रिश्तेदारों को इंटरनेट मीडिया के जरिए भेज दिया। पुलिस ने मोबाइल अपने कब्जे में ले लिया है। सुसाइड नोट में 60 हजार रुपये के लोन के बदले 15 लाख रुपये मांगने की बात लिखी है और दो फाइनेंसरों के नाम लिखते हुए जान से मारने की बात भी लिखी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, मिठाई की दुकान चलाने वाले गुरुनानकपुरा मोहल्ला के रहन वाले आशीष वासियान (45) पुत्र केवल राम ने रविवार को अपने बेटे गगन (22), बेटी सोनू (18) और पत्नी रूपेंद्र कौर (43) के साथ जहर की सल्फास की गोली खा ली।

## दिल्ली के इस मशहूर रेस्टोरेंट में लंच करने पहुंचे राहुल गांधी, इन पकवानों का चखा स्वाद



नईदिल्ली, 23 दिसम्बर [एजेंसी]।

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा, सोनिया गांधी परिवार के साथ रविवार को दिल्ली के कनॉट प्लेस स्थित मशहूर क्वालिटी रेस्टोरेंट पहुंचे। वहां, उन्होंने लंच किया। रेस्टोरेंट की कुछ तस्वीरें भी राहुल गांधी ने इंस्टाग्राम पर शेयर की है। तस्वीरों में इन तीनों के अलावा प्रियंका गांधी के पति रॉबर्ट वाड्रा, बेटी मिराया और सास मौरीन वाड्रा भी मौजूद थे। तस्वीरों में देखा जा सकता है कि गांधी परिवार ने छोटे-भटूरे सहित कई तरह के पकवानों का लुत्फ उठाया।

राहुल गांधी ने तस्वीरें शेयर करते हुए कैप्शन भी लिखा,प्रतिष्ठित क्वालिटी रेस्टोरेंट में परिवार के साथ लंच। अगर आप जाएं तो छोले भटूरे ज़रूर ट्राई करें। यह रेस्टोरेंट अपनी समृद्ध पाक-कला विविधता के लिए जाना जाता है और खास तौर पर अपने छोले भटूरे के लिए मशहूर है। इस साल अगस्त महीने में जब राहुल गांधी कश्मीर के दौरे पर थे तो उस दौरान उन्होंने पारंपरिक स्थानीय व्यंजन वाजवान का आनंद उठाया था।

## आरएसएस को खुश करने के लिए... राहुल और प्रियंका पर माकपा नेता की टिप्पणी से भड़की कांग्रेस

तिरूवनंतपुरम, 23 दिसम्बर [एजेंसी]।

वायनाड सीट से राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा की जीत के बारे में माकपा पोलित ब्यूरो के सदस्य ए विजयराघवन की विवादास्पद टिप्पणी की कांग्रेस और इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) नेताओं ने तीखी आलोचना की है।दरअसल, कांग्रेस नेताओं ने वरिष्ठ माकपा नेता पर संघ परिवार को खुश करने के लिए टिप्पणी करने का आरोप लगाया, जबकि उसकी सहयोगी आईयूएमएल ने आरोप लगाया कि वह समाज में बहुसंख्यक सांप्रदायिकता को भड़काने का प्रयास कर रहे हैं। शनिवार को वायनाड में माकपा के एक आयोजन के दौरान विजयराघवन ने दावा किया कि राहुल गांधी ने सांप्रदायिक ताकतों के समर्थन से दो बार इस सीट पर जीत हासिल की और प्रियंका गांधी वाड्रा की प्रचार रैलियों में चरमपंथी तत्व मौजूद थे।

कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने विजयराघवन की कड़ी आलोचना करते हुए उन पर सांप्रदायिक भाषा का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया। कहा कि राहुल गांधी के खिलाफ ऐसी भाषा का इस्तेमाल करने से संघ परिवार को भी संकोच हो सकता है। उन्होंने यह भी सवाल किया कि क्या माकपा की भी यही राय है। आईयूएमएल नेता पीके कुन्हालीकुट्टी ने कहा कि यह दावा करना कि राहुल और प्रियंका की जीत अल्पसंख्यक सांप्रदायिकता के कारण हुई, बहुसंख्यक सांप्रदायिकता को भड़काने का प्रयास है। भाजपा पूरे देश में इसी तरह की रणनीति अपनाती है। माकपा अब केरल में इसी तरह का प्रयोग कर रही है।

वायनाड सीट पर हुए हालिया उपचुनाव में भाजपा की प्रत्याशी नव्या हरिदास ने केरल हाई कोर्ट में याचिका दायर कर कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा के निर्वाचन को चुनौती दी है। हरिदास ने शुक्रवार को दायर की गई अपनी याचिका में दावा किया है कि प्रियंका ने नामांकन पत्र में अपनी और अपने परिवार की संपत्ति की गलत जानकारी दी। भाजपा नेता ने कहा कि यह आदर्श आचार संहिता के खिलाफ और भ्रष्ट आचरण के समान है। उपचुनाव में नव्या हरिदास को कांग्रेस उम्मीदवार प्रियंका गांधी वाड्रा ने पांच लाख से अधिक मतों के अंतर से हराया था।

## वैन में सोते-सोते दो युवकों की मौत, ब्लोअर चलाकर सोए थे... सुबह कई बार जगाने पर भी नहीं उठे

इटावा 23 दिसम्बर [एजेंसी]।



बरेली-ग्वालियर हाईवे पर स्थित ग्राम मोहब्बतपुर के पास एक गैराज में दो मैकेनिकों की मौत हो गई। यह घटना शनिवार रात की है, जब दोनों मैकेनिक वैन की मरम्मत करने के बाद उसी वैन में सो गए थे और सर्दी से बचने के लिए ब्लोअर चला दिया था। रविवार सुबह उनके शव वैन में पड़े मिले, जिसके बाद यह मामला चर्चा में आ गया।पुलिस के अनुसार, मैकेनिक शैलेंद्र कुमार राजपूत और सहायक समर कुमार शनिवार रात बरेली-ग्वालियर हाईवे पर स्थित एक गैराज में वैन के इंजन की मरम्मत कर रहे थे। मरम्मत के बाद उन्होंने सर्दी से बचने के लिए वैन के अंदर ब्लोअर चला दिया और सोने के लिए लेट गए। रविवार सुबह जब गैराज के पास रहने वाले विमलेश कुमार गैराज पहुंचे तो उन्होंने देखा कि वैन की इंजन चल रही थी। उन्होंने खिड़की से झांका और दोनों मैकेनिकों को सोते हुए पाया। जब उन्हें जगाने की कोशिश की गई, लेकिन वे नहीं जागे। फिर पानी डालने के बावजूद जब वे नहीं उठे तो लोगों को चिंता होने लगी।

इसके बाद विमलेश ने तत्काल मामले की जानकारी परिवार वालों को दी।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची तो दोनों को मृत अवस्था में पाया। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी। एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने बताया कि पुलिस और फोरेंसिक टीम द्वारा की गई जांच में यह पाया गया कि वैन में ब्लोअर चालू होने के कारण कार्बन मोनोऑक्साइड गैस का निर्माण हुआ, जिससे वैन के अंदर ऑक्सीजन की कमी हो गई। इसके परिणाम स्वरूप दोनों मैकेनिकों की दम घुटने से मौत हो गई।पुलिस के अनुसार, जांच में यह भी पाया गया कि दोनों के शरीर पर किसी प्रकार के चोट के निशान नहीं थे, जिससे यह स्पष्ट होता है कि उनकी मृत्यु गैस के प्रभाव के कारण हुई।

## गजब! शिक्षा विभाग... फर्जी शिक्षक बताकर रिक्शा चालक को भेज दिया 51 लाख का रिकवरी नोटिस, परिवार के उड़े होश



श्रावस्ती, 23 दिसम्बर [एजेंसी]।

श्रावस्ती में शिक्षा विभाग की बड़ी लापरवाही सामने आई है। विभाग ने एक रिक्शा चालक को फर्जी शिक्षक बताकर 51 लाख रुपये का रिकवरी नोटिस भेजा है। भिनगा क्षेत्र के गोड़पुरवा गांव के रिक्शा चालक मनोहर यादव के घर शुक्रवार को 51 लाख रुपये की रिकवरी नोटिस आई। नोटिस मिलने के बाद मनोहर और उनके परिजनों के होश उड़ गए, सभी हक्का-बक्का रह गए। निरक्षर मनोहर दिल्ली में रिक्शा चलाते हैं, परिवार गांव में रहता है। शुक्रवार को उनको डाकिया के जरिए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय भिनगा से एक नोटिस मिली। इसमें उन्हें फर्जी शिक्षक बताया गया है। नोटिस में 51 लाख 63 हजार 53 रुपये वसूली करने की बात कही गई है। इतना ही नहीं, बीएसए अजय कुमार के हस्ताक्षर के साथ 12 दिसंबर, 2024 को नोटिस जारी हुआ है।नोटिस में बताया गया है कि मनोहर यादव जिला अंबेडकर नगर के सीहमई कारीरात गांव निवासी फर्जी शिक्षक सुरेंद्र प्रताप सिंह के छद्म नाम व पते का प्रयोग कर बेसिक शिक्षा विभाग के अधीन श्रावस्ती जिले के जमुनहा ब्लॉक के उच्च प्राथमिक विद्यालय नौवापुरवा में सहायक शिक्षक के पद पर नौकरी कर रहे थे। कूटरचित अभिलेखों का प्रयोग कर नौकरी अर्जित करने की पुष्टि होने के बाद 14 जुलाई, 2020 को नियुक्ति तिथि से सेवा समाप्त कर दी गई है।

साथ ही उनके विरुद्ध भिनगा कोवताली में मुकदमा भी दर्ज कराया गया है।नोटिस में बताया गया है भुगतान हुई धनराशि को सात दिन के भीतर कोषागार में जमा कराकर रसीद बीएसए कार्यालय में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। अन्यथा भुगतान किए गए वेतन की धनराशि भू-राजस्व वसूली की भांति कराए जाने की कार्रवाई की जाएगी। बीएसए अजय कुमार ने बताया कि पकड़े गए फर्जी तीन शिक्षकों के दर्ज नाम व पते के आधार पर मुकदमा कराया गया था। पुलिस की विवेचना के आधार पर नोटिस भेजी गई है। नोटिस प्राप्त करने वाले व्यक्ति को लगता है कि वे दोषी नहीं हैं तो कार्यालय में उपस्थित होकर बताएं। हो सकता है कि इनके नाम से फर्जी अभिलेख बने हों। इनको 20-25 दिन का समय दिया गया है। इनके बयान के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## जंगल से निकलकर शहर जा पहुंचा चीता दशहत में श्योपुर के लोग, वन विभाग अलर्ट



श्योपुर, 23 दिसम्बर [एजेंसी]।

कूनो राष्ट्रीय पार्क के बाड़े से जंगल में छोड़े गए अग्नि और वायु में से एक चीता श्योपुर के नजदीक रिहायशी इलाके में पहुंच गया है। ढेंगदा के एक युवक ने मोबाइल फोन से चीते का वीडियो बनाया है, जो इंटरनेट मीडिया पर बहुप्रसारित है। वीडियो सीएम राइज स्कूल के पीछे व नकचा बालाजी के पास लगे क्रेशर का बताया जा रहा है, हालांकि अधिकारी इस बारे में कुछ भी बताने से इन्कार कर रहे हैं। उधर, वीडियो सामने आने के बाद नजदीकी देंगदा गांव के लोग दहशत में हैं।बता दें कि कूनो में 12 चीते और 12 शावक हैं। इनमें से अग्नि और वायु को चार दिसंबर को खुले जंगल में छोड़ा गया था। कूनो के जंगल में पिछले 18 दिन से खुले घूम रहे अग्नि और वायु में से किसी एक चीते की मौजूदगी जिस इलाके में दिख रही है, वह शहर से महज पांच किमी दूर है।रविवार की सुबह अमराल नदी के पास से गुजर रहे कुछ राहगीरों ने चीते का वीडियो बनाया है। चीता कच्ची सड़क पार करता नजर आ रहा है। सिंह परियोजना के निदेशक उत्तम कुमार शर्मा का कहना है कि सुरक्षा कारणों से चीतों की लोकेशन शेयर नहीं कर सकते। अग्नि और वायु जंगल में हैं। ट्रैकिंग टीम चीते की निगरानी कर रही है।

## गुजरात में इंटरनेशनल ड्रग रैकेट का भंडाफोड़, अमेरिका भेजा जा रहा था केटामाइन, तीन नाइजीरियाई समेत चार गिरफ्तार

अहमदाबाद, 23 दिसम्बर [एजेंसी]।



नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) अहमदाबाद ने अंतरराष्ट्रीय ड्रग रैकेट का भंडाफोड़ किया है। टीम ने दो किलो केटामाइन के साथ तीन नाइजीरियाई समेत चार तस्करों को गिरफ्तार किया है। एनसीबी ने बताया कि आरोपित कोरियर की आड़ में भारत से विदेशों में केटामाइन की तस्करी करते थे।इस केटामाइन को मसाले के पैकेट में छिपाकर अमेरिका भेजने की तैयारी थी। हालांकि, जब्त किए गए ड्रग की कीमत की जानकारी नहीं दी गई है। एनसीबी ने बताया कि केटामाइन अमेरिका में सबसे ज्यादा महंगा ड्रग है। यह अमेरिका में प्रतिबंधित है। इसका उपयोग डेट रेप ड्रग के रूप में भी किया जाता है।एनसीबी अहमदाबाद को तीन दिसंबर को सूचना मिली कि मसालों के पैकेटों में छिपाकर दो किलोग्राम केटामाइन को कोरियर के जरिये अमेरिका भेजा जा रहा है। इसके बाद नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने जांच शुरू की। इसमें सामने आया कि अदनान फर्नीचरवाला नामक युवक इस रैकेट में शामिल है।अदनान पहले पुणे में रहता था और बाद में अमेरिका चला गया। अमेरिका में नशीले पदार्थों की तस्करी के तीन मामलों में शामिल पाए जाने के बाद भारत भेज दिया गया था। जांच में पता लगा कि अदनान पर एनसीबी मुंबई ने एक और मामला दर्ज किया था। इस मामले में वह वह पैरोल पर बाहर है। एनसीबी ने अदनान को आठ दिसंबर को बेंगलुरु से गिरफ्तार कर लिया और केटामाइन जब्त किया। एनसीबी को जांच में यह भी पता लगा कि जब्त किए गए केटामाइन की आपूर्ति दिल्ली के एक नाइजीरियाई सिंडिकेट ने की थी। कोरियर के जरिये इसकी तस्करी की गई थी।इसके बाद 18 दिसंबर को दिल्ली के महरौली इलाके से इमैनुएल इफानी न्वाओबियोरा उर्फ माइक को उसके दो साथियों एकलेमे अहमेफुला जोसेफ और इमैनुएल ओसाजा के साथ पकड़ा गया। एनसीबी ने बताया कि केटामाइन के स्त्रोत का पता लगाने के लिए जांच की जा रही है।



## पूनम पांडे ने ग्रीन बिकिनी में मचाया धमाल, फैंस हुए घायल

पूनम पांडे का नाम बोल्ड एक्ट्रेस की लिस्ट में आता है. एक्ट्रेस अक्सर अपने बोल्ड लुक्स से सोशल मीडिया पर तहलका मचाती नजर आती हैं. उनकी हॉट और बोल्ड तस्वीरें अक्सर सोशल मीडिया पर देखने को मिल जाती है, जिसे देख फैंस बेकाबू होते नजर आते हैं. इसी बीच अब हाल ही में पूनम ने एक बार फिर अपनी बोल्ड तस्वीरें शेयर कर ठंड के मौसम में इंटरनेट पर आग लगा दी है.

पूनम पांडे अपनी बोल्ड और स्टाइलिश तस्वीरों से हमेशा सुर्खियों में रहती हैं. हाल ही में उन्होंने इंस्टाग्राम पर ग्रीन बिकिनी में कुछ स्टनिंग तस्वीरें शेयर की हैं, जो तेजी से वायरल हो रही हैं. खुले बाल, लाइट मेकअप और बेहतरीन पोज के साथ पूनम ने फैंस का दिल जीत लिया है. इन तस्वीरों में पूनम का ग्लैमरस अंदाज देखते ही बन रहा है. फैंस उनकी हॉटनेस की तारीफ करते नहीं थक रहे हैं. कई यूजर्स ने कमेंट करते हुए लिखा, हॉटनेस की कोई हद नहीं. वहीं, कुछ फैंस ने उन्हें क्वीन ऑफ बोल्डनेस कहकर संबोधित किया है.

जी हां, पूनम पांडे ने कुछ देर पहले ही अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी कुछ हद से ज्यादा हॉट तस्वीरें शेयर की हैं, जिसे देखते ही फैंस के होश उड़ चुके हैं. इन तस्वीरों में वह बिकनी पहन बोल्डनेस से सोशल मीडिया का पारा बढ़ाती नजर आ रही हैं. इन तस्वीरों में बिकनी में पूनम का किलर अवतार देखने को मिल रहा है. पूनम ने इस लुक में कई तस्वीरें शेयर की है, जिसमें वह एक से बढ़कर एक कातिलाना पोज देती नजर आ रही हैं.

# महिलाएं भूलकर भी न करें ये गलतियां, नहीं तो मां बनने के सुख से रह जाएंगी वंचित

खराब जीवनशैली और लाइफस्टाइल का असर हमारे स्वास्थ्य पर पड़ता है. इनमें से अधिकतर महिलाएं बांझपन की समस्या से जूझ रही हैं. इसके पीछे सबसे बड़ा कारण खराब खानपान के कारण हार्मोनल इनबैलेंस, थॉयराइड और पॉलीसिस्टिक ओवरी सिंड्रोम जैसी बीमारियां हैं. पीरियड्स के दौरान होने वाली समस्याओं का सीधा कनेक्शन खराब खानपान और लाइफस्टाइल के कारण होता है. जिसकी वजह से कम उम्र की महिलाएं भी इनफर्टिलिटी की शिकार होती है. आइए जानते हैं इसके बारे में...

पीसीओएस यानी पॉलिटिशियन अंडाशय सिंड्रोम ऐसी ही एक बीमारी जिसकी चपेट में आज दुनियाभर की करीब 116 मिलियन महिलाएं हैं. रिपोर्ट के मुताबिक, पीसीओएस एक ऐसी सामान्य स्थिति है, जो महिलाओं में एक उम्र के बाद दिखाई देने लगती है. जो महिलाओं के अंडाशय को प्रभावित करता है.

**इन बीमारियों के कारण महिला नहीं होता गर्भवती–**

1. ओव्यूलेशन संबंधी समस्याएं
2. पॉलीसिस्टिक ओवरी सिंड्रोम
3. हार्मोनल असंतुलन
4. तनाव और मोटापा
5. शरीर का कम वजन
6. थायरॉइड की समस्या

पीसीओएस के लक्षण

पीसीओएस के कई समान लक्षण हैं. इनमें से कुछ सबसे पहले चेहरे पर नजर आते हैं. जब महिलाओं में एण्ड्रोजन या पुरुष हार्मोन का स्तर अधिक होता है, तो इसके संकेत चेहरे पर पाए जाते हैं एण्ड्रोजन पीसीओएस से संबंधित मुँहासे का कारण बनते हैं. अगर किसी महिला के चेहरे के ठुड्डी और गर्दन के आस-पास मुंहासे हैं तो ये पीसीओएस के लक्षण हो सकते हैं.

पीसीओएस का इलाज

अगर किसी महिला को पीसीओएस की समस्या है तो सबसे पहले उसे अपनी जीवनशैली में बदलाव करना चाहिए. अगर वजन बढ़ रहा है तो उसे नियंत्रित करना सबसे



जरूरी है. अपने दिनचर्या में एक्सरसाइज और पौष्टिक-संतुलित आहार को शामिल करने से इस समस्या का से बचा जा सकता है.



## गुम है किसी के प्यार में को अंकिता खरे ने कहा अलविदा!

अनुपमा से रातोंरात बाहर हुई अलीशा परवीन के बाद अब टीवी के एक और पॉपुलर शो की एक्ट्रेस के फैंस को झटका लगने वाला है। जी हां, भाविका शर्मा और हितेश भारद्वाज स्टारर गुम है किसी के प्यार में हरिणी का किरदार निभा रहीं एक्ट्रेस अंकिता खरे अब इस शो में नजर नहीं आएंगी। क्या टीआरपी की रेस में सबसे आगे रहने वाले इस शो में नया मोड़ आने वाला है या फिर कुछ नया देखने को मिलने वाला है। सोशल मीडिया पर कई दिनों से एक्ट्रेस के शो छोड़ने की खबर चल रही थी। हितेश भारद्वाज और भाविका शर्मा अभिनीत शो गुम है किसी के प्यार में 20 साल के लीप के बाद से ही अपने दर्शकों का मनोरंजन करने में लगा हुआ है। कुछ समय पहले ही इस डेली सोप की कहानी में बड़ा बदलाव देखने को मिला था। अब एक बार फिर से अंकिता खरे के शो छोड़ने के बाद बड़ा बदलाव देखने को मिलने वाला है क्योंकि हरिणी की भूमिका निभाने वाली एक्ट्रेस अंकिता खरे सवी और रजती की कहानी का अब हिस्सा नहीं होंगी। अंकिता खरे के शो से चले जाने के बाद दर्शक एक्ट्रेस की स्क्रीन पर उनकी मौजूदगी को जरूर मिस करेंगे। उन्होंने इस शो में भाविका शर्मा उर्फ सवी की भाभी का किरदार निभा कर पहचान बनाई है। यह खबर टीवी एक्ट्रेस अंकिता खरे के फैंस के लिए हैरान करने वाली बात है क्योंकि उनके किरदार और कहानी के लिए उन्हें लोगों के खूब प्यार मिला है। अंकिता शो को अलविदा कहने की तैयारी कर रही हैं। रिपोर्ट के अनुसार, एक्ट्रेस ने अपने फैसले के बारे में प्रोडक्शन हाउस को पहले ही अपटेड कर दिया है। हालांकि, ये शो कई सालों से रेटिंग चार्ट के टॉप 5 में रहा है।

# सर्दियों में भूलकर भी न बंद करें फ्रिज वरना हो सकता है भारी नुकसान

अक्सर आपने देखा होगा ज्यादातर लोग सर्दियों के मौसम में ठंड बढ़ने के कारण फ्रिज को बंद कर देते हैं. लोग सोचते इस मौसम में फ्रिज की क्या जरूरत है. लेकिन सर्दियों के मौसम में फ्रिज को बंद करना नुकसानदायक हो सकता है. क्योंकि फ्रिज को बंद करने से उसके कंप्रेसर और अन्य हिस्से खराब हो सकते हैं साथ ही और कई समस्याएं हो सकती हैं. आइए जानते हैं सर्दियों के मौसम में क्यों नहीं बंद करना चाहिए फ्रिज

कंप्रेसर खराब हो जाता है

सर्दियों के मौसम में फ्रिज बंद कर देने से कंप्रेसर खराब हो जाता है. साथ ही फ्रिज को बंद कर देने से दुर्गंध आने की समस्या भी हो सकती है, जो आपके स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होता है. और गर्मियों में यह समस्या और बढ़ जाती है, क्योंकि काफी समय से बंद रहने से



अचानक कंप्रेसर पर काम का दबाव बढ़ता है. इस लिए सर्दियों के मौसम में फ्रिज नहीं बंद करना चाहिए.

सर्दियों के मौसम में बंद न करें फ्रिज

सर्दियों के मौसम में आप फ्रिज को पूरी तरह बंद करने के बजाय 1 या 2 नंबर पर चला कर इस्तेमाल कर सकते हैं. जिससे आप फ्रिज खराब भी नही होगा और ऐसा करने से बिजली की बचत भी होगी.

फ्रिज की सफाई करें

कई फ्रिज में विंटर मोड का विकल्प होता है, जिससे आप तापमान को सबसे कम सेटिंग पर रख सकते हैं. और आप इसमें जरूरत की चीजों को भी रख सकते हैं. और सर्दियों के मौसम में फ्रिज की नियमित सफाई करें. जिससे दुर्गंध न फैले. इसके अलावा सर्दियों के मौसम में फ्रिज के रख रखाव के लिए समय-समय पर तकनीशियन से जांच भी करवाएं.

## बॉक्स ऑफिस पर नाना पाटेकर की वनवास का हाल बेहाल



अनिल शर्मा द्वारा निर्देशित और नाना पाटेकर, उत्कर्ष शर्मा और सिमरत कौर स्टारर 'वनवास' का रिलीज से पहले काफी बज बना हुआ था. वहीं 20 दिसंबर को इस फिल्म ने सिनेमाघरों में दस्तक दी. फिल्म की क्रिटिक्स ने काफी सराहना की है लेकिन ये मूवी दर्शकों को इम्प्रेस नहीं कप पाई और इसकी ओपनिंग काफी खराब रही है. चलिए यहां जानते हैं 'वनवास' ने रिलीज के पहले दिन कितना कलेक्शन किया है? 'वनवास' को रिलीज के पहले दिन 'मुफासा: द लायन किंग' के साथ क्लैश करना पड़ा है. वहीं अल्लू अर्जुन की 'पुष्पा 2' अभी भी ज्यादा स्क्रीनों के साथ बॉक्स ऑफिस पर धूम मचा रही है ऐसे में नाना पाटेकर और उत्कर्ष शर्मा की 'वनवास' रिलीज के पहले ही दिन दर्शकों के लिए तरसती हुई नजर आई. इसी के साथ इस फिल्म की शुरुआत काफी निराशाजनक हुई है. वहीं अब 'वनवास' की रिलीज के पहले दिन की कमाई के शुरुआती आंकड़े भी आ गए हैं. सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक 'वनवास' ने रिलीज के पहले दिन महज 0.60 लाख की कमाई की है. हालांकि ये शुरुआती आंकड़े हैं ऑफिशियल नंबर्स आने के बाद इनमें थोड़ा बहुत बदलाव हो सकता है. 'वनवास' की ओपनिंग काफी ठंडी रही है और ये रिलीज के पहले दिन एक करोड़ की भी कमाई नहीं कर पाई है.

## तमन्ना भाटिया के जन्मदिन पर प्रशंसकों को मिला तोहफा

तमन्ना भाटिया वर्तमान में ओडेला 2 में अभिनय कर रही हैं, जो 2021 की हिट ओडेला रेलवे स्टेशन की बहुप्रतीक्षित अगली कड़ी है। अशोक तेजा द्वारा निर्देशित, फिल्म ने पहले ही महत्वपूर्ण रुचि जगा दी है। तमन्ना ने नागा साधु की भूमिका निभाई है, एक ऐसा किरदार जिसने प्रशंसकों के उत्साह को बढ़ाया हुआ है। इसी बीच तमन्ना के जन्मदिन के अवसर पर फिल्म से उनका खतरनाक लुक जारी कर दिया गया है। तमन्ना भाटिया को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए, ओडेला 2 के निर्माताओं ने एक नए पोस्टर का अनावरण किया, जिसमें अभिनेत्री को एक खतरनाक नागा साधु अवतार में दिखाया गया है। पोस्टर में उन्हें खोपड़ियों के एक मैदान में साहसपूर्वक चलते हुए दिखाया गया है, जिसके ऊपर उड़ते हुए गिद्ध एक तनावपूर्ण माहौल बना रहे हैं। यह पोस्टर फिल्म में उनके किरदार की गहन और शक्तिशाली प्रकृति का संकेत देता है।

## शब्द सामर्थ्य -274

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. आय व्यय का लेखा-जोखा, गणित, एकाउंट 3. विनती, अदब 6. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 7. मूल्यवान, बहुमूल्य 8. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 10. बराबर, सम 12. मुख, चेहरा 14. अनुकृति, अनुकरण, असल का विलोम 17. दिमाग, मस्तिष्क 18. मनोहर, सुंदर, इच्छित, प्यारा 19. गर्मी, ताप 21. रसिया, प्रेमी, रसपान करने वाला 23. दबाव, भार 24. भीख 25. काम से जी चुराने वाला, आलसी।

**ऊपर से नीचे**

1. साहस, वीरता, बहादुरी 2. बहिन, प्रवाहित होना 3. प्रणय क्रीडा, सुखोपभोग, हावभाव 4. विश्वास, प्रतीति 5. इंतजार 9. खाने-पीने का सामान, रसद 11. नशीला, मदभरा 12. घायल, जख्मी 13. झुकना, प्रणाम, नमस्कार 14. दृष्टि, निगाह 15. तीव्रइच्छा 16. अर्थ, अभिप्राय, स्वार्थ 20. इम्तिहान, योग्यता आदि को परखना 22. जुल्म, अन्याय 23. पत्नी, बीवी, एक प्रत्यय।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ | 5 |
| | ■ | 6 | | | ■ | 7 | | |
| 8 | 9 | | ■ | 10 | 11 | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | | ■ | ■ | ■ |
| 12 | | 13 | ■ | 14 | | 15 | ■ | 16 |
| | ■ | 17 | | | ■ | 18 | | |
| 19 | 20 | | ■ | 21 | 22 | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | | ■ | 23 | |
| 24 | | ■ | ■ | 25 | | | | ■ |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 273 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दा | ढ़ी | ■ | की | ■ | खा | सो | आ | म |
| वा | ■ | त | म | न्ना | ■ | ■ | जा | ■ |
| न | जा | क | त | ■ | बा | अ | द | ब |
| ल | ■ | ली | ■ | वि | ला | प | ■ | हा |
| ■ | अ | फ | सा | ना | ■ | मा | हि | र |
| दा | ब | ■ | ■ | श | गु | न | ■ | ■ |
| न | ■ | उ | प | का | र | ■ | शि | ■ |
| व | ■ | त्स | ■ | र | ■ | त | क | ला |
| ■ | सा | व | न | ■ | गु | रु | वा | र |

# एसईसीएल चरचा के कार्मिक विभाग ने महिला का आवेदन लेने से किया मना

## पेंशन के लिए 4 साल से चक्कर कटवाने में अधिकारियों को खास दिलचस्पी

**चरचा कालरी।** एसईसीएल चरचा कालरी प्रबंधन का कार्यालय अक्सर कार्मिक विभाग की लापरवाही और मनमानी के लिए चर्चित रहता है। हाल ही में विभागीय आवक-जावक शाखा की कार्यशैली को लेकर सवाल उठे हैं। हमारे देश में बुजुर्ग नागरिकों को विशेष सुविधाएँ और रियायतें दी जाती हैं, लेकिन चरचा कालरी प्रबंधन कार्यालय को बुजुर्गों की परेशानियों से कोई सरोकार नहीं दिखता। इसका प्रत्यक्ष प्रमाण चरचा कालरी के दिवंगत सेवानिवृत्त कर्मचारी अमोल सिंह की 64 वर्षीय विधवा पत्नी, श्रीमती फुल सुंदरी, जो की पिछले चार वर्षों से पेंशन के लिए प्रबंधन कार्यालय के चक्कर लगा रही हैं। बुजुर्ग महिला चरचा कालरी से 15 किलोमीटर दूर, ग्राम लालिमाटी, पोस्ट नगर में रहती हैं, जहां पहुंचने के लिए कोई परिवहन सुविधा नहीं है। महिला का कहना है कि पति की मृत्यु के बाद पेंशन ही उनकी आय का एकमात्र स्रोत है। खराब स्वास्थ्य और बढ़ती उम्र के कारण वह बार-बार कार्यालय नहीं जा सकतीं।



गत दिवस बुजुर्ग महिला ने अपने परिचित के माध्यम से प्रबंधन कार्यालय को पेंशन चालू करने हेतु एक नया आवेदन भिजवाया। लेकिन आवक-जावक शाखा की महिला कर्मचारियों ने यह कहते हुए आवेदन लेने से इनकार कर दिया कि आवेदक को स्वयं आकर आवेदन देना होगा। जब यह बताया गया कि श्रीमती फुल सुंदरी बीमार हैं और आने में असमर्थ हैं, तो भी कर्मचारियों ने आवेदन नहीं लिया। उनका कहना था कि हमारे अधिकारियों का दिशा निर्देश है कि आवेदक को स्वयं आकर आवेदन देना होगा। जब यह मामला स्थानीय लोगों के माध्यम से कार्मिक प्रबंधक और क्षेत्र प्रबंधक के संज्ञान में लाया गया, तो क्षेत्र प्रबंधक ने तत्काल आवेदन मंगा कर संबंधित शाखा को कार्रवाई करने के निर्देश दिए। गौरतलब है कि पिछले दो वर्षों से विभागीय आवक-जावक शाखा के कार्यों में अनियमितताएँ सामने आ रही हैं। स्थानीय कर्मचारियों और नागरिकों ने बताया कि आवेदन स्वीकार करने से अक्सर इनकार कर दिया जाता है और कई बार अनावश्यक कागजों की मांग की जाती है। साधारण आवेदन के लिए भी लेबर ऑफिसर की अनुमति मांगी जाती है, जो कि शासकीय निर्देशों के खिलाफ है। जबकि इसके विपरीत क्षेत्रीय मुख्यालय बैकुंठपुर में आवेदन हेतु किसी प्रकार की बढ़ता नहीं है बेहद सरल तरीके से क्षेत्रीय मुख्यालय में आवेदन लिए जाते हैं।इस घटना ने चरचा कालरी प्रबंधन की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। क्षेत्र के संवेदनशील महाप्रबंधक को इस समस्या से अवगत कराया गया है। अब देखना यह है कि बुजुर्ग महिला और अन्य नागरिकों को विभागीय मनमानी से निजात मिलती है या नहीं।



## एसईसीएल पांडवपारा क्षेत्र में किसानों ने कोयला परिवहन रोका शुरू किया आंदोलन

**कोरिया पांडवपारा।** एसईसीएल पांडवपारा में 1989 और 1990 से खोड़ सोरंगा टेमरी पंचायत के लगभग 150 ग्रामीण किसान की भूमि कोयला खदान संचालित करने के लिए अग्रहित की गई लेकिन किसानों को उनकी जमीन के बदले एसईसीएल के द्वारा आज तक रोजगार नहीं दिया गया रोजगार के लिए किसानों ने कई बार संबंधित अधिकारियों के पास आवेदन दिए जिसका अभी तक कोई फायदा नहीं हुआ देख पीड़ित किसान 2013 में गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के द्वारा यह आंदोलन की गई थी लेकिन उससे भी कोई सफलता नहीं इसके बाद सोरंगा पंचायत भवन 19 अक्टूबर में बैठक हुआ था वहां पे उपस्थित राज्य से विभाग की टीम एसईसीएल प्रबंधक और समस्त ग्रामीण जन उपस्थित रहे और राजस्व विभाग ने 45 दिन के अंदर निराकरण करने की बात कही थी लेकिन उसके बाद निराकरण नहीं हुई और पुनः 20 दिसंबर शुक्रवार को जिन किसानों के जमीन के बदले नौकरी नहीं मिले हुए अपने परिवार जनों के साथ सड़क पर उतर गए वह कॉल परिवहन को पूरी तरह से बंद कर दिया सुबह 7:00 बजे से अन्न जल त्याग आंदोलन पर बैठे रहे वही एसईसीएल के अधिकारी व कर्मचारियों के हाथ पांव फूल गए आंदोलनकारी की मांग है की एसईसीएल द्वारा अधिग्रहित की गई जमीन के एवज में 116 से 150 ग्रामीण किसानों को आज तक रोजगार नहीं दिया गया इसलिए हमारे द्वारा एसईसीएल से मांग किया जा रहा है कि 40 वर्षों का पूर्ण रोजगार 0.01 अरे भूमि के हिसाब से या एक क्वालिटी कमी जो भूमि के युवाज में रोजगार प्राप्त करने के जितना राशि प्राप्त किया है वह सेवानिवृत्ति के बाद एक मुश्त जमा राशि बोनस का पूर्ण हिसाब के साथ दिया हो या 35 से 36 वर्ष का है हर्जाना 30 लाख प्रति वर्ष के हिसाब से वह जमीन की वापसी या 8 लाख प्रति डिसमिल के हिसाब से मुआवजा राशि दे हो या एक करोड़ प्रति एकड़ के हिसाब से मुआवजा राशि दिया हो।

चक्का जाम स्थल पर एसडीएम दीपिका नेताम डीएसपी राजेश साहू श्याम मधुकर तहसीलदार प्रतीक जायसवाल वह पुलिस बल मौके पर पहुंचकर आंदोलनकारी को समझाते रहे। एसडीएम दीपिका नेताम के समझाइए के बाद सभी किसानों का फिर से एक एक किसान का आवेदन मांगा गया और 60 दिन के अंदर निराकरण करने की बात कही लेकिन आंदोलनकारी अभी भी आंदोलन पे डटे हुए हैं किसानों का कहना है कि राजस्व विभाग अरे एसईसीएल प्रबंधक बात करने से अनदेखा कर रहे हैं और अपनी जगह पर पुलिसकर्मी को बात करने के लिए भेजते है।

### कांग्रेस नेता जायसवाल नगर पंचायत चुनाव हेतु बने प्रभारी



**कोरिया बैकुंठपुर।** जिला मुख्यालय बैकुंठपुर में कोरिया कांग्रेस के कद्दावर नेता व पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष एवं जिला कांग्रेस कमेटी कोषाध्यक्ष अशोक जायसवाल को नवनिर्मित पटना नगर पंचायत का आगामी होने वाले नगरी निकाय चुनाव बावत कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने प्रभारी बनाया है जिससे कांग्रेस नेता अशोक जायसवाल का कद बढ़ गया है कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने बताया कि पीसीसी चीफ के निर्देश पर जहां नगरी चुनाव होने हैं वहां प्रभारी नियुक्त किया जाना है उन्होंने कहा कि अशोक जायसवाल नगर पंचायत पटना के सभी वार्डो का दौरा कर कमेटी गठित करेंगे।

### कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**रायपुर।** मोन्टफोर्ट स्कूल के पास एक तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार युवक को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मामले में राखी पुलिस ने कार चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मृतक पूरनदास बारले ग्राम भेलवाडीह का रहने वाला था।

## गणित दिवस पर विद्यार्थियों ने दिखाया ज्ञान

**कोरिया बैकुंठपुर।** 21 दिसंबर को शासकीय आदर्श रामानुज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैकुण्ठपुर में विश्व के महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती समारोह के उपलक्ष्य में छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद रायपुर के उत्प्रेरणा एवं सहयोग से जिला शिक्षा अधिकारी कोरिया जितेन्द्र गुप्ता के संरक्षण और जिला समन्वयक राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस हरिकान्त अग्निहोत्री के निर्देशन में राष्ट्रीय गणित दिवस विद्या प्रदायिनी माता सरस्वती के पूजन एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मनसुख की छात्रा कु श्रेया यादव के मधुर स्वर में सरस्वती वंदना के साथ प्रारंभ कर मनाया गया।





जिसमें कोरिया जिले के समस्त शासकीय अशासकीय माध्यमिक विद्यालय एवं उच्च तथा उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया राष्ट्रीय गणित दिवस के आयोजन में गणित प्रश्नोत्तरी पोस्टर एवं गणित माडल तीन प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित हुई सभी विधाओं में विद्यार्थियों ने बहुत ही सराहनीय प्रदर्शन किया तीनो विधाओं में लगभग 150 से अधिक विद्यार्थी शामिल हुए निर्णायक दल द्वारा सभी के माडल पोस्टर का गहन निरीक्षण कर उत्कृष्ट तीन माडल एवं तीन पोस्टरों का चयन किया गणित प्रश्नोत्तरी दो स्तरों पर आयोजित हुई माध्यमिक विद्यालय स्तर की प्रश्नोत्तरी का संचालन शिक्षक विनय तिवारी शासकीय माध्यमिक विद्यालय नगर ने किया और उच्च एवं उच्चतर माध्यमिक स्तर की प्रश्नोत्तरी का संचालन वीरेन्द्र कुमार जायसवाल व्याख्याता गणित सेजस खरवत द्वारा किया गया निर्णायक दल में श्रीमती रीता साहू व्याख्याता गणित शासकीय आदर्श रामानुज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैकुण्ठपुर श्रीमती जिज्ञासा दुबे व्याख्याता शासकीय आदर्श कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैकुण्ठपुर वीरेन्द्र जायसवाल अख्तर मंसूरी व्याख्याता सेजस खरवत विंनय तिवारी रहे कार्यक्रम का संचालन राजेश कुमार पाण्डेय व्याख्याता शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भखार के द्वारा किया गया सम्पूर्ण कार्यक्रम का विधिवत प्रबंधन नारेन्द्र दुबे व्याख्याता सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामपुर के द्वारा किया गया आयोजक संस्था की प्राचार्या श्रीमती कृपा कल्याणी टोप्पो ने अपने उद्बोधन में कहा कि गणित विषय की जीवन में विशेष उपयोगिता है इसलिए सभी विद्यार्थियों को गणित विषय का अध्ययन अपने जीवन को उन्नत बनाने के लिए करना चाहिए जिला शिक्षा अधिकारी महोदय ने प्रतियोगिताओं में सम्मिलित विद्यार्थियों का खूब उत्साहवर्धन किया उन्होंने ने कहा जीवन के विकास के लिए गणित अनिवार्य है बोर्ड परीक्षाओं में मेरिट में आने वाले विद्यार्थियों को स्वयं पुरुस्कृत करने का आश्वासन भी जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा दिया गया एवं सभी विधाओं में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर आये विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह प्रशस्ति पत्र एवं मैडल देकर पुरस्कृत किया गया और सभी विद्यार्थियों को उन्नत भविष्य की शुभकामनाएं प्रदान की।

### पीड़ित व्यक्ति को जल्द न्याय दिलाने में साक्ष्य समय पर होना जरूरी-एसएसपी

**सूरजपुर।** न्यायालय से पीड़ित व्यक्ति को न्याय दिलाने के लिए समय पर साक्ष्य होना जरूरी है इसे दृष्टिगत् रखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री प्रशांत कुमार ठाकुर ने रविवार, 22 दिसम्बर को जिले के कोर्ट मोहर्रिरों, थाना में समंस-वारंट का कार्य करने तथा समंस-वारंट लाने-ले जाने वाले जवानों की बैठक ली और तामीली के परफॉमेंस में बढ़ोत्तरी के निर्देश देते हुए और बेहतर कार्य के लिए प्रोत्साहित कर कहा कि जब आप सभी मिलकर अच्छा कार्य करेंगे तो सूरजपुर पुलिस का बेहतर काम दिखेगा और लोगों को राहत मिलेगी। एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने कोर्ट मोहर्रिरों एवं थाना में समंस-वारंट का कार्य करने वाले जवानों को कहा कि पीड़ित व्यक्ति को जल्द न्याय दिलाने की दिशा में तेजी से कार्य करने की आवश्यकता है, इसके लिए न्यायालय से किसी व्यक्ति अथवा पुलिस अधिकारी का समंस-वारंट जारी होने पर वारंटों को सर्वोच्च प्राथमिकता से तामील कराई जावे।

### बाघ की दहशत से ग्रामीण परेशान

## वन विभाग की निष्क्रियता को लेकर उठते सवाल



**कोरिया पांण्डवपारा।** कोरिया क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत टेमरी में फिर से ग्रामीण बाग से दहशत में है शुक्रवार को फिर एक गाय पर हमला किया ग्रामीण के द्वारा शोर मचाने पर बाघ वहां से भाग निकला घायल मवेशी रोहित दुबे की है जंगल के किनारे चरवाह के द्वारा चराया जा रहा था इस बीच लगभग शाम 4:00 बजे गाय पर हमला कर दिया जिससे गाय घायल हो गई इसकी सूचना तत्काल वन विभाग की टीम को दिया गया और वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची लेकिन गाय की उपचार के लिए डॉक्टर की टीम नहीं आई जिससे पशु पालक ने नाराजगी जाहिर की और अपने खुद के पैसे से गाय का इलाज कराया। श्रद्धा पैकरा रेंजर ने सभी गांव वालों को जंगल की ओर जाने से मना किया और सचेत रहने का निर्देश दिया।

### राष्ट्रीय गणित दिवस का भव्य आयोजन

## गणित मॉडल का प्रथम पुरस्कार सेजस चरचा को



**चरचा कालरी।** विश्व के महानतम गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जन्म जयंती के अवसर पर शासकीय आदर्श रामानुज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैकुंठपुर मे छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद रायपुर के निर्देशानुसार राष्ट्रीय गणित दिवस के रूप मे जिला स्तरीय गणित मॉडल प्रतियोगिता, पोस्टर एवं प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मनसुख की छात्रा कु श्रेया यादव के मधुर स्वर मे वीणा वादिनी माँ सरस्वती जी कि वंदना से कार्यक्रम कि शुरुवात हुई। इस कार्यक्रम मे जिले के शासकीय, अशासकीय माध्यमिक, उच्च एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों से लगभग 150 छात्र/छात्राओ ने बढ़ चढ़कर भाग लिए। जिला शिक्षा अधिकारी कोरिया जितेंद्र गुप्ता जी ने अपने उद्बोधन मे गणित के महत्व एवं उपयोगिता को बताते हुए कहा कि गणित का छात्र अन्य सभी विषय के छात्र से श्रेष्ठ होता है , गणित के छात्र मे तर्क करने, लॉजिक लगाने की क्षमता होती है जिससे वह किसी भी समस्या का समाधान कर सकता है। उन्होंने गणित के एक प्रेरक कहानी के माध्यम से छात्रों का हौसला बढ़ाया। कार्यक्रम में छात्र/छात्राओ द्वारा गणित के रोचक और उत्कृष्ट मॉडल और पोस्टर का प्रदर्शन किए। गणित मॉडल मे प्रथम स्थान सेजेस चरचा हिन्दी माध्यम को, द्वितीय स्थान शासकीय आदर्श रामानुज उच्चतर माधमिक विद्यालय बैकुंठपुर एवं तृतीय स्थान शासकीय आदर्श कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैकुंठपुर प्राप्त किए। गणित पोस्टर प्रतियोगिता मे प्रथम स्थान शासकीय माध्यमिक विद्यालय मदनपुर, द्वितीय स्थान शासकीय आदर्श कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैकुंठपुर एवं तृतीय स्थान शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जमगहना प्राप्त किए। इसी प्रकार प्रश्नोत्तरी माध्यमिक स्तर से प्रथम एवं द्वितीय स्थान शास माध्यमिक विद्यालय नगर एवं तृतीय स्थान सेजेस पटना प्राप्त किए। इसी प्रकार प्रश्नोत्तरी उच्च एवं उच्चतर स्तर से प्रथम स्थान शासकीय आदर्श कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैकुंठपुर, द्वितीय स्थान सेजेस खरवत एवं तृतीय स्थान शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पटना प्राप्त किए। सभी विजेताओ एवं प्रतिभागियों को जिला शिक्षा अधिकारी कोरिया के द्वारा शील्ड, मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन राजेश कुमार पाण्डेय व्याख्याता शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भखार ने किया।

### जिला शिक्षा अधिकारी ने फाटपानी विद्यालय की छात्रा कुमारी साक्षी का मनाया जन्मदिन



**कोरिया बैकुंठपुर।** गत दिवस शासकीय प्राथमिक शाला फाटपानी, संकुल केंद्र सारा में जिला शिक्षा अधिकारी जितेंद्र कुमार गुप्ता ने विद्यालय की छात्रा कुमारी साक्षी का केक काटकर हर्षोउल्लास के साथ जन्मदिन मनाया। बच्चो के साथ बहुत ही सहज एवं सरल भाव से मिले, जिससे बच्चों में खुशी व्याप्त हुई । जिससे छात्रा के द्वारा भी जिला शिक्षा अधिकारी को केक खिलाकर आशीर्वाद प्राप्त किये एवं बच्चों ने जिला शिक्षा अधिकारी को धन्यवाद ज्ञापित किया । इस अवसर पर बच्चों ने बैंड बाजे गज के साथ एवं पुष्पगुच्छ देते शिक्षा अधिकारी का वेलकम किया । शिक्षा अधिकारी ने बड़े ही सरल भाव से बच्चों मिले। इस कम कार्यक्रम की शुरुआत सर्वप्रथम मां सरस्वती एवं छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर पूजा अर्चना करते हुए प्रारंभ किया गया साथ ही न्योता भोजन का भी आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बच्चों के द्वारा सांस्कृति कार्यक्रम रंगारंग प्रस्तुत दी गई। बच्चों की प्रस्तुति पर शिक्षा अधिकारी एवं अतिथि गणों ने पुरुषकृत भी किया। तत्पश्चात सभी अतिथियों के द्वारा बच्चों को शुभस्नेह एवं आशीर्वाद वचन प्रदान किए गए एवं गुप्ता ने बच्चों को जीवन में आगे बढ़ने हेतु प्रोत्साहित किया। अतिथि भोजन कराया गया जिससे बच्चों में हर्ष व्याप्त था। इस कार्यक्रम में संकुल प्राचार्य श्रीमती रेखा यादव के द्वारा बच्चों को आशीर्वाद देते हुए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया एवं साथ ही संस्था के प्रधान पाठक अशोक लोधी ने सभी अतिथियो एवं सभी सहयोगी का हृदय सेआभार व्यक्त कियाकाएवं ष्टड्डष् सारा के सुख लाल राजवाड़े, ग्राम पंचायत गदबदी की सरपंच श्रीमती सुशीला सिंह श्याम, वकील साहब लल्लू राम रवि , भूषण ,प्रेम नारायण राय, परदेशी, श्रीमती शीतल खरे, श्रीमती शिल्पी एवं संकुल सारा,+क्क के शिक्षक शिक्षिकाएं,साथ ही स्थानीय जनप्रतिनिधि गण ,एसएमसी सदस्य, पालकगण सफाई कर्मी एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

### पेट्रोल पंप में 15 लाख की हेराफेरी

**रायपुर।** देवपुरी स्थित एचपी पेट्रोल पंप में मैनेजर द्वारा 15 लाख रुपए की हेराफेरी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी कुलविंदर कौर भाठिया 63 वर्ष मेग्रेटो सिग्रेचर लाभांडी का रहने वाला है। प्रार्थी का देवपुरी में एचपी पेट्रोल पंप है। जहां आरोपी राजेन्द्र कुमार पटेल मैनेजर का काम करता है। आरोपी ने प्रार्थी के पेट्रोल पंप में काम करने के दौरान पेटीएम से प्राप्त राशि 15 लाख को आहरण करके धोखाधड़ी किया।

### रामानुजगंज वन परिक्षेत्र में करेंट लगने से हुई थी हाथी की मौत

**बलरामपुर।** रामानुजगंज वन परिक्षेत्र के छतवा जंगल में नर हाथी का शव गुरुवार को मिला था। इस मामले में वन विभाग को बड़ी सफ्लता मिली है। विभाग ने दो आरोपियों को पकड़ कर जेल दाखिल कर दिया है बाकी दो फरार चल रहे आरोपियों की तलाश जारी है। रामानुजगंज वन परिक्षेत्र के कंपार्टमेंट पी 3472 छतवा जंगल में बीते गुरुवार को नर हाथी की मौत हुई थी। वन विभाग ने वन प्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 2,9,50,51,52 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। बताया जा रहा है कि जांच में हाथी की मौत करेंट लगने से हुई है। हाथी को करेंट लगाकर मारने में वन विभाग के द्वारा चार आरोपी बनाए गए है।

## पुलिस का जुआरियों पर बड़ा प्रहार

**सूरजपुर।** जिले की पुलिस ने 09 अंतर्राज्जीय जुआडियों को जंगल में रेड मारकर धर दबोचा है। इनके पास से 6 लाख 32 हजार 5 सौ रूपये बरामद की गई है। मामला जिले के थाना रमकोला क्षेत्र के ग्राम खोड़ जंगल का है। जुआ खेलने की सूचना को तत्काल संज्ञान में लेते हुए टीम गठित कर जंगल भेजा गया था। एसएसपी सूरजपुर प्रशांत कुमार ठाकुर के निर्देश पर जिले की पुलिस अवैध कार्यो के विरूद्ध सजगता से लगातार कार्यवाही करने में लगी हुई है। इसी बीच दिनांक 21.12.2024 के रात्रि में थाना रमकोला पुलिस को मुखबीर से सूचना मिला कि खोड़ जंगल में कई जुआड़ी हारजीत का दाव लगाकर जुआ खेल रहे है। सूचना से एसएसपी सूरजपुर को अवगत कराने पर उन्होंने थाना रमकोला की एक बड़ी पुलिस टीम गठित कर पूर्ण सावधानी के साथ भेष बदलकर मौके पर जाकर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। पुलिस टीम ग्रामीणों का भेष धारण कर पैदल चलकर मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़-झारखण्ड के बार्डर ग्राम खोड़ जंगल पहुंची और रेड कार्यवाही कर 9 लोगों को जुआ खेलते रंगे हाथों धर दबोचा, जुआड़ियों के पास व जुआ फड़ से 6 लाख 32 हजार 5 सौ रूपये जप्त किया गया। मौके से जुआड़ियों के 9 नग मोबाईल, 6 नग मोटर सायकल एवं 1 नग कार भी जप्त किया गया है। मामले में छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3 के तहत कार्यवाही कर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए आरोपी। आजेश कुमार साहू पिता रामलगन साहू उम्र 34 वर्ष ग्राम जैतपुर, थाना विन्ध नगर, जिला सिंगरौली मध्यप्रदेश, अनिल कुमार पिता रामबिलास कलार उम्र 50 वर्ष निवासी ग्राम रघुनाथनगर, थाना रघुनाथनगर, जिला बलरामपुर, मोहम्मद जमीर पिता स्व. सलीमद्दीन उम्र 50 वर्ष निवासी बैकुण्ठपुर, थाना बैकुण्ठपुर, जिला कोरिया , शंकर दुसाद पिता अयोध्या दुसाद उम्र 52 वर्ष निवासी ग्राम जयंत, थाना बिंधनगर, जिला सिंगरौली मध्यप्रदेश , गुलाब चंद जायसवाल पिता स्व. मकरध्वज उम्र 45 वर्ष ग्राम रमेशपुर, थाना रघुनाथनगर, जिला बलरामपुर ,अंबाली केश्वर पिता स्व. बाबुलाल जायसवाल उम्र 51 वर्ष निवासी ग्राम उरती, थाना बैढ़न जिला सिंगरौली मध्यप्रदेश, प्रदीप कुमार जायसवाल पिता रामबिलास उम्र 53 वर्ष ग्राम रघुनाथनगर, जिला बलरामपुर।

## मुख्यमंत्री ने पत्र के माध्यम से दी नववर्ष की शुभकामनाएं

**कोरिया बैकुंठपुर।** प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत जनपद पंचायत सोनहत के विभिन्न ग्रामों में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा लाभार्थियों को पत्र प्रेषित किया गया। इन पत्रों को विष्णु के पाती का नाम दिया है, जिससे हितग्राहियों में अपार खुशी देखी गई। ग्राम पंचायत कछार और कटगोड़ी के लाभार्थियों ने मुख्यमंत्री के पत्र को गौरव का प्रतीक बताते हुए कहा कि उन्होंने कभी कल्पना नहीं की थी कि सरकार की ओर से ऐसा पत्र मिलेगा। ग्राम कछार के राजमन, गोपाल, महिपाल, राजेंद्र, कमलेश और अनूप कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री ने हमारे जैसे गरीब परिवारों की चिंता करते हुए हमें पक्का मकान बनाने की स्वीकृति दी है। यह हमारे लिए जीवनभर यादगार रहेगा। इसी प्रकार कटगोड़ी के हंसराज, चित्रपाल सिंह और हीरालाल ने कहा कि मुख्यमंत्री का यह पत्र हमें प्रेरित करता है कि उनकी सरकार गरीबों के सपनों को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध है। सभी लाभार्थियों ने मुख्यमंत्री का आभार



व्यक्त किया और कहा कि पक्का मकान पाना उनके जीवन का सबसे बड़ा सपना था, जिसे सरकार ने साकार कर दिया। इन ग्रामीणों ने कहा कि गरीबों को भी अब मुख्यमंत्री पत्र लिख रहे हैं, मतलब सुशासन इसे ही कहते हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने पत्र में लिखा है, जय जोहार! मुझे आपको यह बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आपका पक्का मकान शीघ्र ही बनकर तैयार होगा। यह मेरा सौभाग्य है कि आपके इस सपने को साकार करने का माध्यम मैं बना हूं। आपके नए घर में खुशियां और समृद्धि बनी रहे, यही मेरी कामना है। उन्होंने पत्र के अंत में लाभार्थियों को नववर्ष की शुभकामनाएं भी दीं। इस अवसर पर ग्रामीणों ने कहा कि विष्णु सरकार ने उनके जीवन को बेहतर बनाने के लिए जो कदम उठाए हैं, उससे उनमें सुरक्षा और सम्मान का भाव पैदा हुआ है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत दिए गए ये पक्के मकान केवल घर नहीं, बल्कि गरीबों के लिए एक नई उम्मीद की किरण हैं।

# बदलेगा अप्पू गार्डन के सामने के हिस्से का कलेवर, खोमचा कारोबारियों को मिलेगा विकल्प

## सौंदर्यीकरण अभियान पर काम, लोगों से मिला था प्रस्ताव

**कोरबा।** स्वच्छता अभियान को लेकर एक बार फिर काम शुरू हो गया है। नगर निगम की मंशा है कि कोरबा को टॉप-5 रैंकिंग में स्थान मिले, इसके लिए कई स्तर पर कोशिश की जा रही है। इस कड़ी में अप्पू गार्डन के सामने के हिस्से में सौंदर्यीकरण कराने यहां पर जमे ठेले-गुमटियों को हटा दिया गया, पर उन्हें अच्छा विकल्प देने की बात कही गई है। संबंधितों ने संक्षिप्त आपत्ति जताने के साथ यहां से अपना डेरा हटा लिया है।

निगम की टीम आज सुबह जेसीबी और स्टाफ के साथ पहुंची थी। खबर के मुताबिक स्थानीय स्तर पर अस्थाई दखल को हटाने को लेकर पहले से संकेत दिए गए थे ताकि लोग मानसिकता बना सके। अधिकारियों के निर्देश पर टीम ने यहां पहुंचकर अभियान शुरू किया। उक्तानुसार उन सभी ठेले गुमटियों को मुख्य मार्ग के पास 10-15 वर्षों से संचालित हो रहे खोमचा कारोबारियों को हटा दिया। उन्हें बताया गया कि इस जगह का सौंदर्यीकरण



किया जाना है। स्थानीय पार्षद धनसाय साहू की मानें तो उन्होंने भी सौंदर्यीकरण किए जाने को लेकर बात रखी थी। जिसके अंतर्गत यह सब हो रहा है। उनके अनुसार जो लोग यहां पर लंबे समय से व्यवसाय कर जीविका चला रहे थे, उन्हें आसपास में ही बेहतर विकल्प देने के लिए अधिकारियों से बात हुई है और उन्होंने इस बारे में आश्वासन दिया है। इसलिए उन्हें चिंतित होने की जरूरत नहीं।

### गार्डन का भीतरी हिस्सा बदहाली का शिकार

कई योजनाओं को लेकर नगर निगम भारी-भरकम खर्च कर रहा है। सौंदर्यीकरण भी इसमें से एक है। हैरानी की बात यह है कि विवेकानंद उद्यान का भीतरी हिस्सा कई कारण से बदहाली का शिकार है। बच्चों के मनोरंजन के लिए स्थापित की गई टॉय ट्रेन की सेवाएं अधर में है। वहीं दूसरी सेवाओं का भी हाल कुछ अच्छा नहीं है। गर्मी के सीजन में वेबपूल शुरू होने पर यहां अच्छी-खासी चहल-पहल हुआ करती है। ठंड के मौसम में कई प्रकार की अव्यवस्थाओं केचलते लोग परेशान हैं। वे चाहते हैं कि इस तरफ ध्यान दिया जाए।

### अवैध दुकानों ने सौंदर्यीकरण पर लगाया पलीता

उच्चाधिकारियों से लेकर स्थानीय और बाहर से आने वाले नागरिकों को कोरबा अच्छा लगे, इसके लिए सौंदर्यीकरण पर पर्याप्त राशि खर्च की जा रही है। इसके अंतर्गत सीएसईबी चौक से ट्रांसपोर्ट नगर तक रेलवे लाइन के किनारे विशेष काम किया गया। टीपी नगर चौक से शारदा विहार तक निगम ने जो व्यवस्था की उससे सौंदर्यीकरण तो जरूर हुआ लेकिन अब इसी की आड़ में बड़ी संख्या में अवैध दुकानें लग रही है। अज्ञात कारणों से इन्हें स्थाई रूप से हटाने और बंद कराने का कोई इंतजाम नहीं किया जा रहा है जबकि ओपन थिएटर और बुधवारी का फुटपाथ बेजा कब्जा का समर्पित है।

# नियमों से खिलवाड़, दोपहिया पर आई शामत, मॉल के सामने कार्रवाई

**कोरबा।** पुलिस अधीक्षक कोरबा के निर्देश पर संपूर्ण जिले में ओवर स्पीडिंग एवं शराब पीकर वाहन चलाने वालों के विरुद्ध वीक एंड पर ताबड़तोड़ कार्यवाही की गई।

ओवर स्पीडिंग और ड्रंक एंड ड्राइव सड़क दुर्घटनाओं में प्रमुख कारण रहता है जिसे देखते हुए सप्ताहांत में दिनांक 21 एवं 22 दिसंबर को संपूर्ण जिले में यातायात सहित सभी थाने चौकी पुसके प्रभारियों द्वारा फर्राटेदार तथा शराब पीकर वाहन चालन पर कार्यवाही की गई। अभियान के दौरान ओव्हर स्पीडिंग के 68, शराब पीकर वाहन चलाने पर 70 तथा 229 वाहन चालकों के विरुद्ध मोटर यान अधिनियम की अन्य धाराओं में इस प्रकार कुल 347 वाहन चालकों पर कार्यवाही की गई। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि ओवर स्पीडिंग एवं ड्रंक एंड ड्राइव पर इसी तरह समय समय पर अभियान चलाया जाएगा।



### *1.64 लाख का समन शुल्क*

*ओव्हर स्पीडिंग और अन्य मोटर व्हीकल एक्ट के अंतर्गत उपरोक्त कार्यवाही में 1,64,000 रूपए का शमन शुल्क प्राप्त हुआ, जबकि शराब पीकर वाहन चालन वाले प्रकरण न्यायालय प्रस्तुत किए जाएंगे जिसका न्यायालय से निराकरण होगा।*
***यूवीएस चौहान,** एएसपी कोरबा*

### रास्ते को संकरा कर रहा मनमाना रवैया

टीपी नगर चौक से कोरबा शहर जाने वाले मुख्य मार्ग पर परेशानियां पैदा करने में दोपहिया से लेकर अन्य वाहनों की बड़ी भूमिका है। ट्रैफिक पुलिस ने एक बार फिर पॉम मॉल के सामने गलत तरीके से गाड़ी पार्क करने पर कार्रवाई की। यहां से बड़ी संख्या में दोपहिया गाड़ियों को कब्जे में लिया गया।

## 25 दिसंबर को सुशासन दिवस के रूप में मनाएंगे भाजपाई

**कोरबा।** भाजपा के द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपाई की जयंती 25 दिसंबर को सुशासनदिवस के रूप में मनाया जाएगा। सभी मंडलो में अगल अलग कार्यक्रम रखे गए है। कटघोरा में अटल चौक का भूमिपूजन विधायक प्रमचंद पटेल के द्वारा किया जाएगा। जिसकी तैयारी मंडल अध्यक्ष अभिषेक गर्ग, धन्नू दुबे, शमजीत सिंह, किशन केशरवानी, विवेक मारकडे, अनुराग दुहलानी, जय गर्ग सहित अन्य कार्यकर्ताओं के द्वारा की जा रही है। बांकी मोगरा मंडल में वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान मंडल अध्यक्ष उदय शर्मा, भागवत विश्वकर्मा, हनुमान पाण्डेय सहित अन्य कार्यकर्ताओं के द्वारा किया जाएगा। हरदी बाजार मंडल के अध्यक्ष कृष्णा पटेल व हरीश थरवानी ने बताया कि अटल चौक ने कार्यक्रम के साथ संगोष्ठी का कार्यक्रम होगा। सर्वमंगला नगर मंडल में अध्यक्ष मनीष मिश्रा के द्वारा तैयारी की जा रही है। कोरबा नगर मंडल अध्यक्ष योगेश मिश्रा कोसाबाड़ी नगर मंडल अध्यक्ष राजेश राठौर ने बताया कि सदभावना यात्रा के साथ बूथो में कार्यक्रम होगें। भाजपा जिला उपाध्यक्ष आकाश सक्सेना ने बताया कि करतला में रामकुमार गभेल, बरपाली में ओमप्रकाश साहू, उरगा में किशन साव ओम साहू के द्वारा कार्यक्रम की तैयारी की जा रही है।

## निर्माणाधीन शो-रूम के उपरी हिस्से में ठेकेदार हाई वोल्टेज करंट से झुलसा, मौत

**आजीविका को बेहतर करने के चक्कर में गई जिंदगी**



**कोरबा।** ऑटो मोबाइल सेक्टर के एक निर्माणाधीन शो-रूम के ठेकेदार की आज सुबह दर्दनाक हादसे में मौत हो गई। उपरी हिस्से के कामकाज का निरीक्षण करने के लिए वह खुद चढ़ा हुआ था। इस दौरान 33केवी विद्युत लाइन के हाई वोल्टेज करंट से संपर्क होने पर वह बुरी तरह से झुलस गया। उसके प्राण पखेरू उड़ने से यहां अफरा-तफरी मच गई। दर्री पुलिस ने मामले की जांच शुरू की है।

आज सुबह गोपालपुर मार्ग पर जैलगांव क्षेत्र में यह हादसा हुआ। खबर है कि बजाज ऑटो मोबाइल कंपनी के द्वारा इस इलाके में अपनी व्यवसाय को प्रारंभ किया जा रहा है। इसके लिए नए शो-रूम का निर्माण जारी है। काफी संख्या में कामगार इसमें नियोजित किए गए हैं। बताया गया कि राम प्रताप यादव उम्र 55 वर्ष आनंद नगर छुराकछार इस काम का ठेकेदार है। अब तक के काम की प्रगति को जानने के लिए ठेकेदार स्वयं उपरी हिस्से में चढ़ा हुआ था। संबंधित क्षेत्र में काफी करीब से बिजली कंपनी की 33 केवी लाइन गुजरी हुई है। उसके कर्षण के प्रभाव से अनजान ठेकेदार ने पर्याप्त दूरी नहीं बनाई। नतीजा यह हुआ कि इसी दरम्यान वह लाइन के संपर्क में आकर झुलस गया और कुछ ही देर में उसका शरीर प्राणहीन हो गया। घटनाक्रम से मजदूर और आसपास के लोग सख्ते में आए। उनकी सूचना पर दर्री पुलिस मौके पर पहुंची।

## चुनाव जल्द होंगे या टलेंगें, अटकलों के बीच तैयारी कर रहे दावेदार

**कोरबा।** भले ही नगरीय निकायों के संदर्भ में वार्डों के आरक्षण की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है लेकिन महापौर और अध्यक्ष पदों का मामला अटका हुआ है। प्रारंभिक प्रशिक्षण देने का काम भी शुरू हो गया है। इन सबके बावजूद अटकलें लगाई जा रही है कि क्या चुनाव जल्द होंगे या कुछ महीनों के लिए टलेंगे। फिर भी दावेदार तैयारी में लगे हुए हैं।

कोरबा जिले में एक नगर निगम, तीन नगर पालिका और दो नगर पंचायत निकायों के लिए चुनाव होना है। इनमें से एक नगर पालिका हाल में ही अस्तित्व में आई है जबकि पांच निकाय पहले से हैं। इन संस्थाओं का कार्यकाल समाप्ति पर है और नियमानुसार इसी वर्ष निर्वाचन की प्रक्रिया हो जानी थी। कई कारणों से यह विलंबित हुई। हाल में ही सरकार के निर्देश पर वार्डों के आरक्षण का काम कराया गया है। अब चक्कर यह है कि प्रत्याशी कौन होंगे और उनके लिए समीकरण क्या हो सकते हैं। संभावित दावेदार इस बात से परेशान हैं कि चुनाव का कार्यक्रम घोषित नहीं हुआ है।

## पंडित द्विवेदी की भागवत कथा 26 से



**कोरबा।** भागवताचार्य पं. दशरथ नंदन द्विवेदी के द्वारा श्रीमद् भागवत कथा का वाचन भगवान श्रीरामचंद्र की पावन नगरी चित्रकूट में 26 दिसंबर से किया जाएगा। 1 जनवरी तक यह आयोजन ललितांबा आश्रम परिसर में होगा। छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश के श्रद्धालु इसमें शामिल होंगे। पं. द्विवेदी ने बताया कि दो राज्यों की सीमा में स्थित चित्रकूट का आकर्षण धार्मिक और सांस्कृतिक कारणों से है।

# छत्तीसगढ़ वॉलीबॉल संघ के सुशील बने कोषाध्यक्ष



**कोरबा।** छत्तीसगढ़ स्टेट वॉलीबॉल एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी के चुनाव के लिए राजधानी रायपुर में रविवार को आमसभा संपन्न हुई। जिसमें कार्यकारिणी को निर्विरोध चुना गया। छत्तसीगढ़ के पूर्व मंत्री महेश गागड़ा को सर्वसम्मति से नया अध्यक्ष चुना गया। वहीं पूर्व पार्षद सुशील गर्ग को कोषाध्यक्ष बनाया गया। हेमप्रकाश नायक को महासचिव चुना गया। सत्येंद्र पांडेय और मो.अकरम खान को वरिष्ठ उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। जबकि उपाध्यक्ष रूबी गरचा, अजय गोयल, दिवेश निषाद, विजय चंद्रवंशी, निर्मल सिंह, रेखा पद्म, एसोसिएट सचिव हरमेश चावड़ा, दिनेश सिंह एवं संयुक्त सचिव नितीन पांडेय, ममता गुप्ता, दीपक प्रधान व सुभाष कादर को बनाया गया। यह कार्यकारिणी वर्ष 2024-25 से 2028-29 तक के लिए चुनी गई है। चुनाव भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष संजय सिंह के मार्गदर्शन में कराया गया। खेल विभाग से रायपुर जिला खेल अधिकारी प्रवेश जोशी और छत्तीसगढ़ ओलंपिक एसोसिएशन की ओर से प्रशांत रघुवंशी बतौर पर्यवेक्षक उपस्थित रहे।

## कोसम बीज ने हालत बिगाड़ी,बच्चे का प्राणांत

**कोरबा।** बच्चों की तरफ से जरा सी असावधानी बरतने का मतलब गंभीर खतरे को आमंत्रण देना है। बालकोनगर थाना क्षेत्र के दैहानपारा में हुई घटना में 4 वर्षीय बालक दिव्यांश यादव की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

बालको के सेक्टर-3 के नजदीक पानी टंकी दैहानपारा क्षेत्र में दोपहर को यह घटना हुई। बताया गया कि दूध व्यवसायी रामचरण यादव का 4 वर्षीय पुत्र दिव्यांश घर में खेल रहा था। उसके आसपास क्या कुछ चीजें हैं इससे परिजन अंजान रहे। खबर के मुताबिक खेल-खेल के दौरान बच्चे ने कोसम बीज का सेवन कर लिया। गले के आगे खिसकने



के साथ बच्चे की स्थिति बिगड़ गई। जब तक परिजनों को इसका पता चलता स्थिति काबू से बाहर हो गई थी। अस्पताल पहुंचाने और उपचार प्राप्त होने के बीच उसने दम तोड़ दिया। बालक की मौत से दैहानपारा क्षेत्र में शोक का वातावरण है। इस घटना के बाद लोग अपने स्तर पर जागरूकता अभियान चला रही है कि बच्चों की सुरक्षा को लेकर किसी प्रकार से जतन करना जरूरी है।

## तुलसी पूजन दिवस पर योग वेदांत समिति करेगी आयोजन

**कोरबा।** श्री योग वेदान्त सेवा समिति कोरबा के तत्वाधान में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी 25 दिसंबर दिन-बुधवार को तुलसी पूजन दिवस समारोह बड़े हर्षोल्लास से मनाने का निर्णय लिया गया हैं, जो प्रातः 10 बजे से प्रारंभ होकर अपरान्ह 3 बजे तक चलेगा। प्रातः 11 बजे सुनालिया पुल के पास स्थित शिव मंदिर से संकीर्तन यात्रा पावर हाउस रोड होते हुए मेन रोड से सप्तदेव मंदिर, सीतामणी तक निकलेगी। तत्पश्चात् सप्तदेव मंदिर में तुलसी पूजन कैसे मनाएं, तुलसी के सेवन से लाभ, तुलसी महात्म की जानकारी, हवन, भजन एवं कीर्तन किया जावेगा। तत्पश्चात् आरती, पूर्णाहूति एवं प्रसाद वितरण किया जायेगा।

समिति के अध्यक्ष ईश्वरी प्रसाद साहू ने सभी धर्म प्रेमी सज्जनों से अनुरोध किया है कि इस तुलसी पूजन दिवस समारोह के कार्यक्रम में भाव भरा आमंत्रण है। इस अवसर पर तुलसी पौधे का निःशुल्क वितरण किया जावेगा तथा आश्रम के सत्साहित्य व सामग्री की स्टाल भी लगाई जावेगी।

## पूर्व विधायक कंवर ने बैठक ली

**कोरबा।** कटघोरा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक पुरूषोत्तम कंवर ने बांकी मोगरा ब्लाक कार्यकर्ताओं की बैठक ली। जंगर साइड कालोनी में अयोजित इस बैठक में सभी कार्यकर्ताओं ने अपने अपने सुझाव दिए वार्डो में आरक्षण की घोषणा होने के बाद कार्यकर्ताओं में सक्रियता बढ़ गई है।सूची बनाने का काम किया जा रहा है। आरक्षण के आधार पर चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे है। कार्यकर्ता दूसरे वार्डो में जा रहे है। बैठक में टीकाराम मनहरण, संजय आजाद,प्रदीप अग्रवाल, धमेन्द्र गजभीए , परमानंद सिंह, अजय प्रसाद, फिरोज अनंत, सोनू गजभीए,रूपा मनहर, छत बाई चौहान, पूजा महंत सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## वर्ग का हुआ शुभारंभ

**कोरबा।** आरएसएस की प्राथमिक प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ बरपाली के एक शिक्षण संस्थान में हो गया। जिले भर से 170 स्वयंसेवक इसमें शामिल हुए हैं। प्रारंभिक करने वालों को इसमें पात्रता मिली है।

जय श्रीराम
प्लाट उपलब्ध
डीडीएम रोड में बड़ा प्लाट उपलबध है। सस्ता नहीं पर सबसे अच्छा।
संपर्क करें
प्रापर्टी डीलर
62681-46606

# हरित महाकुंभ : जिले से प्रयागराज भेजी गई 1775 थाली और इससे ज्यादा थैले

**कोरबा।** हर 12 वर्ष में कुंभ के आयोजन की परंपरा है। प्रयागराज के त्रिवेणी संगम में वर्ष 2025 में महाकुंभ हो रहा है। 13 जनवरी से इसकी शुरुआत होगी और 26 फरवरी को समापन। करोड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति और इस दौरान संभावित पर्यावरणीय संकट को ध्यान में रखते हुए सकारात्मक कोशिश की जा रही है। कोरबा जिले के जागरूक लोगों ने इसमें रूचि ली। उनके द्वारा प्राप्त 1775 थालियों और 1877 थैलों को प्रयागराज भेज दिया गया।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पर्यावरण संरक्षण गतिविधि विभाग ने इस जिम्मेदारी को अखिल भारतीय स्तर पर हाथ में लिया है। कोशिश है कि महाकुंभ जैसे विराट आयोजन का प्लास्टिक के कचरे से मुक्त बनाया जाए और निर्मल अविरल गंगा एवं उसके आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ बनाने में यथोचित प्रयास हो। इस इरादे से एक थाली एक थैला अभियान शुरू किया गया। कोरबा जिले में शुरुआती स्तर पर सामाजिक संगठनों से पहल



कर 1775 थालियां और इससे एक सैकड़ा ज्यादा थैले एकत्र किए गए। इनरव्हील क्लब, बंग समाज, राजपूत क्षत्रिय समाज, पूर्वांचल समाज, श्रीवास समाज, महिला मंडल पुष्पलता उद्यान, महिला मंडल राजेंद्र प्रसाद नगर, श्रेष्ठ सिंह ठाकुर, अशोक मोदी एवं सहयोगी, योगेश जैन एवं सहयोगी, मिथलेश दुबे, पर्यावरण गतिविधि और अन्य सहयोगियों के द्वारा इस अभियान में भागीदारी करते हुए उपरोक्त सामाग्री प्रदान की गई। महाकुंभ 2025 के लिए इन्होंने इस अभियान में हिस्सा लेते हुए दूसरों को भी प्रेरित किया कि वे अपने क्षेत्रों से सहयोग करने के लिए आगे आएं। पूजा अर्चना के साथ उपरोक्त सामाग्री को प्रयागराज में आयोजन समिति के पास भेज दिया गया। स्थानीय स्तर पर सामाजिक संगठनों से सामाग्री प्राप्त करने में विभाग संघचालक सत्येंद्रनाथ दुबे, प्रांत जनसंवाद प्रमुख व विभाग संयोजक शैलेंद्र नामदेव, जिला संयोजक कैप्टन मुकेश अदलखा तथा नगर संघचालक अशोक तिवारी की भूमिका रही।

## उपमुख्यमंत्री से मिला प्रतिनिधि मंडल

**कोरबा।** सतनाम समिति कुसमुडा के विरेन्द्र टडंन के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरूणसाव के मुलाकात कर कुसमंडा आने का निमंत्रण दिया और कहा कि 28 दिसंबर को आदर्श नगर में गुरूघासी दास जयंती समारोह का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर शोभायात्रा के साथ साथ कई कार्यक्रम होगें। प्रतिनिधि मंडल में धमेन्द्र, तनमय, अशीष व अन्य कार्यकर्ता भी थे।

## सुआ नृत्य करने वाले समूह सक्रिय

**कोरबा।** नगर सहित अंचल में इन दिनों सुआ नृत्य करने वाला महिलाओं का समूह सक्रिय है। परंपरागत रूप से वे इसका प्रदर्शन करते रहे हैं। इस तरह की परंपरा के पीछे उनके अपने सांसकृतिक और धार्मिक मूल्य हैं।

## मानिकपुर में आवासों का हो रहा मरम्मत

**कोरबा।** एसईसीएल मानिकपुर कालोनी में आवासों के मरम्मत कार्य किए जा रहे है। वेलफेयर कमेटी के सदस्यों ने अवासों का अवलोकन किया था। जिसमें उन्होने पाया था कि बरसात के दिनों में छतो से पानी टपकने के कारण कोयला काम गार परेशान है इसके अलावा अवासो में अन्य कार्य भी कराए जाने है। इस मामले को जेसीसी बैठक में भी अलग से उठाया गया था। वेलफेयर कमेटी के सदस्यों का मानना है कि आने वाले दिनों सभी कार्य करा लिए जाएगें । मिनीलाल साहू रामलाल साहू, उत्तम खुटे, डी रविन्द्र, राजेश पिल्ले लगातार कालोनी के कार्याकल्प के लिए प्रयास कर रहे है।










स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com